

रांची, बुधवार, 11 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 8 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 07 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में इंसानी अभिरुचि कम क्यों ?

रश्मिका का हुआ था एक्सीडेंट एक्ट्रेस ने पोस्ट फैंस को दी जानकारी ◂◂ 6


# एसीबी की बड़ी कार्रवाई, हजारीबाग सदर एसडीओ के आवास और दफ्तर पर मारा छापा

**मेट्रो रेज**

**रांची :** एसीबी की टीम ने हजारीबाग के सदर एसडीओ शैलेश कुमार के गिरिडीह स्थित आवास और समाहरणाय स्थित उनके दफ्तर पर बुधवार सुबह छापा मार दिया। एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी उनसे पूछताछ कर कर कई कागजात खंगाले रहे हैं। जानकारी के मुताबिक बड़गाईं अंचल जमीन मामले में ये कार्रवाई की गयी है।

**लगभग 8 की संख्या एसीबी के अधिकारी हजारीबाग एसडीओ के दफ्तर पहुंचे :** जानकारी के मुताबिक एसीबी की टीम बुधवार सुबह सुबह दो भागों में विभक्त होकर हजारीबाग के एसडीओ शैलेश कुमार के गिरिडीह स्थित आवास और हजारीबाग समाहरणालय स्थित उनके दफ्तर पर छापा मार दिया। उनके कार्यालय में लगभग 8 की संख्या में एसीबी के अधिकारी पहुंचे और उनसे पूछताछ कर जमीन के कई कागजात को खंगलना शुरू कर दिया। वहीं, इतनी ही संख्या में ही लगभग गिरिडीह स्थित उनके आवास पर दबिश डाली गयी। इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम थे। किसी को भी अंदर या बाहर आने जाने की अनुमति नहीं है। फिलहाल



कोई भी अधिकारी इस मामले में बात करना नहीं चाह रहे हैं। वहीं, पुलिस को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वह ऊपर से मिले आदेश का पालन कर रहे हैं।


**गिरिडीह और हजारीबाग के अलावा इन इलाकों में भी पड़ा है छापा :** बताया जा रहा है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो गिरिडीह और हजारीबाग के अलावा रांची, चाईबासा में स्थित उनके ठिकानों पर छापा मारा है। बता दें कि बड़गाईं अंचल जमीन मामले में बरयातू थाने में एफआईआर दर्ज हुई थी। इसके बाद अब इस मामले में एसीबी जांच कर रही है। बता दें कि शैलेश कुमार राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। वह इससे पहले रांची के बड़गाईं अंचल में बतौर अंचलाधिकारी काम कर चुके हैं। इसके अलावा बोरमो के भी एसडीओ रह चुके हैं। उनके पिता भी रिटायर्ड अफसर रह चुके हैं। शैलेश के भाई रिंकू सिन्हा गिरिडीह में मार्बल का कारोबार करते हैं।

**बीते कई दिनों से एसीबी कर थी जांच :** बड़गाई जमीन मामले को लेकर एसीबी बीते कई दिनों से गहन जांच कर रही है। जिसके बाद अधिकारी शैलेश कुमार के ठिकानों पर ये छापा मारा गया है। सूचना तो यह भी कि इस मामले में जिन आरोपियों को जमानत दिया गया है उन सभी के बारे में भी जानकारी इकट्ठा की गयी है। जमीन मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की यह सबसे बड़ी कार्रवाई है। इस छापेमारी में 60 से अधिक पदाधिकारी व पुलिस शामिल है।

**अपने आवास में हैं अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार :** जांच के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार अपने आवास में हैं। उनके दफ्तर में भी कार्यरत कर्मी भी टीम को सहयोग कर रहे हैं। उन्हें बाहर निकलने की इजाजत नहीं दी गई है। पूरे दफ्तर को सुरक्षा गहरा में ले लिया गया है।

# मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल ने छत से कूदकर की आत्महत्या

**मुंबई:** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा के पिता अनिल अरोड़ा ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने एक बिल्डिंग की छठी मंजिल से कूदकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। बांद्रा पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। एक्ट्रेस के एक्स हसबैंड अरबाज खान भी मौके पर पहुंचे है। बताया जा रहा था कि मलाइका के पिता काफी समय से बीमार चल रहे थे। पिछले साल जुलाई में अनिल अरोड़ा को मुंबई



के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अभिनेत्री को उनकी मां जॉयस के साथ अस्पताल में देखा गया।

**अनिल अरोड़ा के आत्महत्या को लेकर मुंबई पुलिस ने क्या कहा :** मुंबई पुलिस के मुताबिक, उन्होंने मुंबई में अपने बांद्रा स्थित घर की छत से छलांग लगा दी। पुलिस अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और घटना के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाने के लिए जांच शुरू की। हालांकि उन्होंने ऐसा क्यों किया, इसको लेकर पूछताछ जारी है। अनिल अरोड़ा काफी प्राइवेट इंसान थे, जो लाइमलाइट से दूर रहना पसंद करते थे। मलाइका के पिता इंडियन बॉर्डर टाउन फजिका के एक पंजाबी हिंदू थे, जो भारतीय मर्चेंट नेवी में काम करते थे। अपनी बेटी मलाइका के साथ उनका रिश्ता काफी गहरा था।

**मलाइका के माता-पिता का हो चुका है तलाक :** साल 2022 में, मलाइका अरोड़ा ने अपने बचपन के गोल्ड मोमेट्स के बारे में बात की थी। उन्होंने बताया कि शुरूआती दिनों में उन्हें काफी स्ट्रगल करना पड़ा था। उन्होंने याद किया कि कैसे वह केवल 11 साल की थीं, जब उनके माता-पिता, अनिल अरोड़ा और जॉयस पॉलीकार्प का तलाक हो गया था। मशहूर बॉलीवुड अभिनेत्री, मॉडल मलाइका अरोड़ा अपने डांस नंबरों के लिए काफी पॉपुलर हैं। उन्होंने छैया-छैया और मुन्नी बदनाम जैसे गानों में काम किया है।

## राज्यपाल ने रखी ब्लड बैक के भवन की आधारशिला, कहा- जल्द पूरा करें काम



**गिरिडीह:** रेड क्रॉस भवन में लगभग एक करोड़ रुपये की लागत ब्लड बैंक भवन बनना है। बुधवार को इस भवन की आधारशिला झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रखी। इस दौरान उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस निरंतर बेहतर कार्य कर रहा है। राज्यपाल ने कहाकि जिस भवन की आधारशिला उनके द्वारा रखी गई है, वह भवन बहुत ही उपयोगी है। इस भवन के बनने से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। राज्यपाल ने रेडक्रॉस के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द भवन का निर्माण करवाने को कहा। कहा कि जल्द भवन बने ताकि उद्घाटन में वे आ सके। इससे पहले राज्यपाल का स्वागत अध्यक्ष सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने गुलदस्ता व चेयरमेन अरविंद कुमार ने शॉल ओढ़ाकर किया। सचिव विवेश जालान ने राज्यपाल को एक मोमेंटो भी सौंपा। कार्यक्रम का संचालन सचिव विवेश जालान ने जबकि धन्यवाद ज्ञापन चेयरमेन अरविंद कुमार ने किया। मौके पर एसपी डॉ विमल कुमार, उप चेयरमेन चरणजीत सिंह सलूजा, उपसचिव निकिता गुप्ता, कोषाध्यक्ष मुकेश जालान, मदन लाल विश्वकर्मा, डॉ एस के डोकानिया, डॉ विकास लाल, प्रमोद कुमार, राकेश मोदी, विश्वनाथ स्वर्णकार, विकास खेतान, तमन्ना प्रवीण, संजय कुमार, विकास सिन्हा, मनीष गुप्ता, राजीव सिन्हा, मनोज अग्रवाल, अनिल चंद्रवंशी, विकास केडिया, डॉ बीके बनर्जी, डॉ रवि, रितेश सराक, दशरथ शर्मा समेत रेड क्रॉस के कई सदस्य उपस्थित थे।


अबुआ आभार हेमन्त सरकार



**मैं संगीता देवी,** धनबाद,
पेंशन की राशि मिलने से गुजर-बसर में आसानी हो रही है। इससे पहले वृद्धा पेंशन नहीं मिलता था। लेकिन, पिछले दो साल से पेंशन मिल रहा है। इस पैसे से दवा खरीदती हूं और अपना इलाज कराती हूं। सरकार को धन्यवाद, जिसने हम जैसे गरीबों को पेंशन दिया।
मुख्यमंत्री जी को बहुत-बहुत आभार...



झारखण्ड में **40 लाख** जरुरतमंद लोगों को सर्वजन पेंशन योजना से मिल रहा लाभ

**मैं महेंद्र प्रसाद,** लातेहार,
बुजुर्ग होने तथा नियमित आय के अभाव में मुझे परिवार का पालन पोषण करने में कठिनाई हो रही थी। मैंने सर्वजन पेंशन योजना के तहत आवेदन जमा किया। मेरा आवेदन स्वीकृत हुआ और मुझे एक हजार रुपये प्रतिमाह वृद्धा पेंशन मिलने लगा।
हेमन्त सरकार को बहुत-बहुत धन्यवाद...



# योजना का लाभ लेकर जीवन में मिली उम्मीद

## मनरेगा के अंतर्गत सिंचाई कूप निर्माण से सशक्त हुए किसान

**खूंटी**

**खूंटी** के कर्रा प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम बमरजा निवासी कोयलो उराँव अपने जीवन को उन्नत करने की दिशा में आगे बढ़ चुके हैं। मनरेगा के तहत संचालित बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना कोयलो उराँव जैसे हजारों किसानों के लिए सार्थक सिद्ध हो रहा है। सफलता के पथ पर बढ़ते ये किसान अब आत्मविश्वास से लबरेज हैं।

कोयलो उराँव के जीवन में एक आशा की किरण तब नजर आई, जब उसने मनरेगा अंतर्गत सिंचाई हेतु कुआँ की जरुरत से ग्राम सभा को अवगत कराया। उसकी जरुरत को देखते हुए ग्राम सभा और प्रखंड स्तर से उसे योजना की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो गई। देखते ही देखते उसके खेत में कुआँ निर्माण का कार्य शुरु हो गया।

### खेती में हो रही थी परेशानी

कोयलो को अपने खेत में सिंचाई के लिए पानी की कमी के कारण खेती में परेशानी हो रही थी। कोयलो दूसरे के खेत में खेती करने को विवश था। उसकी परेशानियां तब कम हुई, जब मनरेगा के अंतर्गत उसके खेत में कुआँ का निर्माण हुआ। इससे न केवल वह अपने खेत में खेती करने लगा, बल्कि उसकी आंखों में उम्मीदों की चमक भी दिखाई देने लगी है। वह दोगुने मेहनत से खेती के कार्य में जुट गया। उसकी मेहनत रंग लाई और उसके खेत लहलहाने लगे।



बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना (लाभुक) - कोयलो उराँव की परिजन

### किसानों के जीवन में सकारात्मक प्रभाव

किसान कोयलो उराँव का कहना है कि पहले से अब वो चार से पांच गुना ज़्यादा फसल उपजा रहा है। आलू, मटर, बीन, करेला, गोभी, प्याज़, टमाटर इत्यादि से करीब 2 लाख रुपये तक की आमदनी हुई। निकट भविष्य में भी उसे उम्मीद है कि उसके द्वारा उत्पादित फसलों से उसे लाभ होगा। मनरेगा के अंतर्गत कुआँ निर्माण से बमरजा गांव के ही नहीं बल्कि कर्रा प्रखंड के दर्जनों किसानों को भी लाभ हुआ है। किसान कहते हैं कि अब वे हर मौसम में खेती करते हैं और परिवार का भरण-पोषण एवं बच्चों की शिक्षा बेहतर ढंग से कर रहें हैं।

योजना का लाभ लेकर कोयलो कर्रा प्रखंड में एक उभरते हुए किसान के रूप में अन्य किसानों को प्रेरित कर रहा है। मनरेगा से मिली ये सुविधा किसानों तक बेहतर संदेश देने में सहायक सिद्ध हुई हैं। अब ऊर्जावान किसान उन्नत भी हैं और कुशल भी। मालूम हो कि सिंचाई की व्यवस्था के लिए बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन योजना के तहत राज्य भर में 1 लाख कुआँ निर्माण का लक्ष्य रखा गया है

जोहार, मेरा नाम मलविना पूर्ति है। मुझे फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत योजना का लाभ मिला था। योजना में मिली मदद से मैंने अपना व्यवसाय शुरु किया है। मैं बहुत खुश हूं। हेमन्त दादा को आभार।

मलविना पूर्ति, पश्चिमी सिंहभूम



# नियुक्तियों से युवाओं के सपने हो रहे साकार

## सरकार के लगातार प्रयास से युवाओं को मिला रोजगार और नियुक्ति के अवसर

**हेमन्त सरकार** ने राज्य में होने वाली नियुक्ति में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिले इसके लिए लगातार प्रयास किये हैं। इसका फायदा भी दिखा है। JPSC एवं JSSC द्वारा ली गयी परीक्षाओं में जो चयन हुआ है उसमें स्थानीय लोगों के चयन का प्रतिशत चौकाने वाले हैं। हाल के दिनों में हुए विभिन्न पदों पर नियुक्तियों में 75 प्रतिशत से 100 प्रतिशत नियुक्ति झारखण्ड के अभ्यर्थियों की हुई है।

JPSC द्वारा जहां लेखा पदाधिकारी के पद पर 100 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई, वहीं JSSC द्वारा कनीय अभियंता (सिविल) में 75 प्रतिशत युवा झारखण्ड के चयनित हुए। झारखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों की संख्या पर नजर डालें तो कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी 94 प्रतिशत, सहायक अभियंता 85 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) 88 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) 95 प्रतिशत एवं स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर 81 प्रतिशत झारखण्ड के अभ्यर्थियों की नियुक्ति हुई है। इस तरह झारखण्ड डिप्लोमा संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 में मोटरयान निरीक्षक में 97.63 प्रतिशत, कनीय अभियंता (यांत्रिक) में 91 प्रतिशत, कनीय अभियंता (अर्सेनिक) में 79.93 प्रतिशत, कनीय अभियंता (विद्युत) में 92.30 प्रतिशत समेत अन्य में झारखण्ड के अभ्यर्थी नियुक्त हुए हैं।

झारखण्ड को बने दो दशक से अधिक हो गए। लेकिन, विभिन्न विभागों में जहां कई पदों पर पहली बार नियुक्ति हुई तो कहीं नियुक्ति नियमावली भी पहली बार बनायी गयी। सभी अड़चनों को दूर कर झारखण्ड सरकार क्रमबद्ध और योजनाबद्ध तरीके से पूरी तेजी के साथ खाली पदों को भरने का अभियान शुरु कर चुकी है और यह सिलसिला लगातार जारी है।





मुख्यमंत्री ने 1500 स्नातकोत्तर प्रशिक्षित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपा।

### नियुक्ति में स्थानीय युवाओं ने मारी बाजी

(नगर विकास एवं आवास विभाग में विभिन्न पदों के आंकड़े)

| | |
|---|---|
| लेखा पदाधिकारी | 100% |
| कनीय अभियंता (सिविल) | 75% |
| कार्यपालक पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, विशेष पदाधिकारी | 94% |
| सहायक अभियंता | 85% |
| कनीय अभियंता (विद्युत) | 88% |
| कनीय अभियंता (यांत्रिक) | 95% |
| स्ट्रीट लाइट इंस्पेक्टर | 81% |

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR 335331(IPRD)24-25

## न्यूज ब्रीफ

### रामगढ़ पुलिस ने जन शिकायत कार्यक्रम में 184 आवेदनों में कई का किया समाधान

**रामगढ़:** झारखंड के 21 जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसे लेकर रामगढ़ की छावनी परिषद फुटबॉल ग्राउंड में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मौके पर आईजी अभियान एवी होमकर और एसपी अजय कुमार उपस्थित थे। इस दौरान रामगढ़ पुलिस ने 184 लोगों के आवेदन लिये। जिनमें कई के समाधान किये। इसमें सबसे अधिक रामगढ़ थाना क्षेत्र से 79 आवेदन आए। बता दें कि इस कार्यक्रम की शुरूआत डीजीपी अनुराग गुप्ता की पहल पर हुई है। इस कार्यक्रम की मॉनिटरिंग के लिए राज्य के 21 जिले में 21 आईजी और डीआईजी रैंक के अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया था।

### सिल्ली मुरी में लॉटरी का अवैध धंधा परवान पर

**सिल्ली:** झारखंड में अवैध लॉटरी बिक्री पर प्रतिबंध रहने के बावजूद सिल्ली मुरी में लम्बे समय से अवैध लॉटरी का धंधा परवान पर है। लॉटरी कारोबारी भोले भाले लोगों को रातों रात करोड़पति बनने का ख्वाब दिखाकर उन्हें कंगाल बना रहे है। इस धंधे की मकड़ जाल में अनेकों दिहाड़ी मजदूर, ऑटो चालक, रिक्शा चालक, हाट बाजार में पोल्ट्री मुर्गी व मछली बेचने वाले लोग, छोटे मोटे कारोबारी दुकानदार आदि फंसे हुए है। लॉटरी खरीदने की लत लोगों में ब्राउन शुगर, गाजा से भी बदतर लत लगी है इस लत के कारण कई लोगों की परिवार बबार्दी के कगार पर है बच्चे को अच्छी शिक्षा भी लोग दे नहीं पा रहे हैं। सूत्रों का माने तो सीमावर्ती राज्य पश्चिम बंगाल के लॉटरी टिकट के वैदध टिकट की डुप्लीकेट प्रिंट कर बेचने का काम जोरों पर किया जा रहा है, धंधेबाजों को सिल्ली, बड़ा मुरी एंव छोटा मुरी बाजार के अलावा टेंपो स्टैंड और चौक चौराहा में लॉटरी बेचते खुल्लेआम देखा जाता है। समाज के प्रति बेहतर सोच रखने वाले कई लोगों ने लॉटरी बेचे जाने का विरोध भी किया है विरोध करने पर धंधेबाजों का जबाब होता है लॉटरी ऐसे नही बेच रहे है पुलिस को महीना देते है इसलिए उनका कोई कुछ नही बिगाड़ सकता है ये चुनौती के साथ कहते है। इसके आगे लोग खामोश हो जाते है और लोग कहते है पुलिस की शह पर ही ऐसे धंधेबाज अपने मंसूबों में कामयाब हो रहे हैं।

### पुलिस जन शिकायत शिविर में आए 256 मामले, 52 का निष्पादन

**हजारीबाग:** जिला मुख्यालय में मंगलवार को आयोजित पुलिस विभाग के जन शिकायत समाधान कार्यक्रम में थानावार 256 मामले आए। एसपी अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में शिविर का उद्घाटन आईजी बोकारो के अलावा एसडीएम हजारीबाग सदर शैलेश कुमार ने संयुक्त रूप से किया। शिविर में 52 मामलों का निष्पादन किया गया। शिविर में धर्मांतरण के साथ जमीन विवाद का मुद्दा छाया रहा। डीएसपी मुख्यालय नीरज कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी थे। बड़कागांव, पदमा, इचाक, कटकमसांडी और सदर प्रखंड के लोहसिंघना थाने में चल रहे मतांतरण, धमार्तंरण को लेकर कार्रवाई करने की मांग की गई।

एसपी ने बताया कि पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ाने और आम लोगों की शिकायतों के प्रभावी निवारण के लिए जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। बताया कि अनुमंडल स्थल पर जन समाधान कार्यक्रम का आयोजन में किया जा चुका है। जिलास्तर पर एकीकृत आवेदन की व्यवस्था के तहत आज यहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें लोग पहुंच रहे हैं और अपनी समस्या को रख रहे हैं। एसपी ने बताया कि जमीन से जुड़े मामलों की अधिकता रही। वहीं पारिवारिक विवाद के भी मामलों की संख्या अधिक रही।

**नहीं आए बड़े मामलों में कार्रवाई के आवेदन :** शिविर के दौरान कई बार थानावार बैठे प्रभारियों को एसपी ने डांट लगायी। दरअसल एसपी हर शिकायतकर्ता पर नजर रख रहे थे। बाकायदा आवेदन डीएसपी मुख्यालय नीरज कुमार के हाथों से होकर जा रहा था। ऐसे में संबंधित मामलों पर लापरवाही या देरी की बात सामने आने पर एसपी ने आवेदनकताओं के सामने ही संबंधित पदाधिकारी को झाड़ लगाई। इस दौरान कई लोग ऐसे भी थे जो पूरे परिवार के साथ चलकर आए थे और पुलिस द्वारा बार बार प्राथमिकी के लिए टहलावा देने का भी आरोप लगाया।

**क्षेत्रवार बैठे थे एसडीपीओ और डीएसपी :** एक मंच पर पहली बार थाना प्रभारी से लेकर उसके उपर के पदाधिकारी बैठे थे। इंस्पेक्टर अपने अंचल और डीएसपी अनुमंडल के आधार पर शिविर में साथ बैठे थे। आवेदन को लेकर पूरे दिन गहमागहमी रही। शिविर में मौजूद पदाधिकारी हर एक आवेदनकर्ता को संतुष्ट करने का प्रयास कर रहे थे। पुलिस के इस कदम से आवेदनकताओं के चेहरे पर पहली बार खुशी दिखाई दी।

### सिल्ली में जन शिकायत समाधान शिविर आयोजित




**सिल्ली :** झारखंड पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक के आदेश पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन सिल्ली प्रखंड कार्यालय परिसर में किया गया। आयोजित इस कार्यक्रम में दर्जनों फरियादी ने अपनी-अपनी फरियाद लेकर पहुंचे, कईयों का समस्या का निष्पादन किया गया। प्रभात खबर के पत्रकार विणु गिरी ने भी सिल्ली मुरी सिल्ली के सड़को पर अतिक्रमन एवं तेज बाइकरस से होने वाली समस्याओ से सम्बंधित शिकायत की। पुलिस उपाधीक्षक रणवीर सिंह ने कहा जनता की किसी भी समस्या को समाधान करना पुलिस की पहली प्राथमिकता है, पुलिसिंग को बेहतर बनाने के लिए विभाग लगातार प्रयत्नशील है, इस कार्यक्रम उद्देश्य जनता की शिकायतों का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के तहत नागरिकों को उनके नजदीकी शिकायत केंद्र पर जाकर अपनी समस्याओं को दर्ज कराने का अवसर है जहां उनके शिकायत पर त्वरित कार्रवाई होगी।

**ऑनलाइन हो सकती है शिकायत –**डीएसपी ने कहा यदि कोई व्यक्ति जिले से बाहर यहां तक कि विदेश में भी रह रहा हो, वह भी ऑनलाइन के माध्यम से शिकायत कर सकता है। वे अपनी शिकायत व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, ट्विटर व फेसबुक के माध्यम से भी रांची पुलिस को भेज सकता है। इसके लिए एक विशेष सेल का गठन किया गया है। जिसे अधिकारी द्वारा जांच की जायेगी। साथ ही मामले में हुई कार्रवाई की पूरी जानकारी शिकायतकर्ता को दी जायेगी। कार्रवाई के संबंध में सूचना भी शिकायतकर्ता के पास भेजी जायेगी। कार्यक्रम के दौरान लोगों की लिखित एवं मौखिक शिकायत का निष्पादन प्रखंड कार्यालय, थाना, शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर किया जायेगा। डीएसपी ने कहा लोग निर्भीक होकर अपनी शिकायत करें निश्चित रूप से समाधान किया जाएगा। मौके पर वीडीओ रेणु बाला सीओ अरुनीमा एक्का सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश कुमार ठाकुर समेत कई पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सीएम हेमंत सोरेन बोले, किसानों की समृद्धि के लिए दो लाख तक का कृषि ऋण माफ

मेट्रो रज



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि उनकी सरकार और कृषि विभाग का उद्देश्य राज्य में किसानों को आर्थिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। सरकार उनके साथ खड़ी है। यही वजह है कि दो लाख तक का कृषि ऋण माफ करने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले अधिकतर लोगों का जुड़ाव खेती-बाड़ी के कार्यों से है। पिछले 4 वर्षों में राज्य सरकार द्वारा किसान वर्ग के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन और नीति निर्धारण किया गया है, जो आने वाले समय में मील का पत्थर साबित होगा। जब गांव समृद्ध होंगे तभी राज्य समृद्ध होगा। उनकी सरकार राज्य के गांवों की जड़ों को मजबूत करने पर लगी है। जब गांव की जड़ें मजबूत होंगी तब स्थायी तौर पर राज्य भी मजबूत होगा। वे डिबडीह में आयोजित प्रमंडलस्तरीय सहकारिता महासम्मेलन, रांची-2024 के उद्घाटन एवं 236 चलंत पशु चिकित्सालय वाहन के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे।

**हेमंत सोरेन सरकार ने खींची है मोटी लकीर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य में उनकी सरकार के गठन के चंद दिनों बाद से ही कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा है। तमाम चुनौतियों से लड़ते-लड़ते पिछले चार वर्षों में राज्य के गरीब, वृद्धजन, महिलाएं, किसान, आदिवासी, दलित, शोषित, पिछड़े सभी वर्गों के उत्थान के लिए उनकी सरकार ने जो लकीर खींची है, वह बहुत मजबूत, लंबी और गाढ़ी है, उसे मिटा पाना मुश्किल है।

**कृषि की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है। इस देश में किसान वर्ग के लिए जो नीतियां बनायी गयी हैं, उसका फलाफल बहुत कारगर साबित नहीं हुआ है। बड़े पैमाने पर किसान वर्ग के लोग अब खेतिहर मजदूर के रूप में गिने जा रहे हैं। भौतिकवादी युग में विकास के विभिन्न मापदंड, सही नीति निर्धारण की कमी तथा जलवायु परिवर्तन किसानों को मजदूर बनने पर मजबूर कर रही है। यह एक बहुत गंभीर और चिंतनीय विषय है। उनकी सरकार ने राज्य में किसान वर्गों के लिए खेती की वैकल्पिक व्यवस्था पर विशेष बल दिया है।

**किसानों की आर्थिक स?थिति मजबूत करने पर जोर :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मछली पालन, गाय पालन, मुर्गी पालन, दुग्ध उत्पादन सहित विभिन्न पशुपालन के माध्यम से जोड़कर कृषकों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए निरंतर योजनाएं संचालित की जा रही है। कृषकों से अपील की कि वे पशुपालन से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ जरूर लें। झारखंड में परंपरागत खेती-कृषि के साथ-साथ पशुपालन की परंपरा भी रही है। इन सभी परंपराओं का अनुकरण करते हुए हमसभी लोग आज यहां तक पहुंचे हैं।

**राज्य सरकार किसानों के साथ, 2 लाख रुपए तक का कृषि ऋण माफ :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सदैव यहां के किसान परिवारों के साथ खड़ी है। राज्य सरकार द्वारा कृषकों के 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफी का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार अब कृषि कार्य के लिए किसान परिवारों को बेहतर गुणवत्ता वाले पशु प्रदान कर रही है। राज्य सरकार ने पहली बार ऐसी नीति बनाई जिसमें कृषकों को प्रदान किए जाने वाले सभी पशुओं का इंश्योरेंस किया जाता है, ताकि पशुओं के मरने पर उन्हें बीमा की राशि उपलब्ध कराई जा सके। राज्य में बड़े पैमाने पर लोग मछली पालन के व्यवसाय से भी जुड़े हैं। राज्य सरकार यहां विभिन्न पशुपालन योजनाओं को बढ़ावा दे रही है।

**खेत-खलिहान और पशुधन ग्रामीणों के बैंक एवं एटीएम :** मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों का मूलधन खेत-खलिहान और पशुधन होता है। आप इसे यह कह सकते हैं कि किसानों का बैंक और एटीएम कार्ड खेत-खलिहान और पशुधन ही है। ग्रामीण किसान परिवारों की हर जरूरत इसी से पूरी होती है। उनकी सरकार ने वनोपज को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य को पूरा कर रही है। ग्रामीणों को वन उपज का सही मूल्य मिल सके, इसके लिए भी उनकी सरकार संकल्पित है। खेती-कृषि, विभिन्न पशुपालन तथा वनोपज को एक उचित प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाए तो आने वाली कई समस्याओं से किसानों को बचाया जा सकेगा। राज्य सरकार द्वारा किसान पाठशाला, बिरसा हरित ग्राम योजना, दीदी बाड़ी योजना, दीदी बगिया योजना सहित कई अन्य योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, ताकि ग्रामीण परिवार इन योजनाओं से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सके।

**मौके पर ये थे उपस्थित :** इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह, सांसद सुखदेव भगत, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक कल्पना सोरेन, झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# बेटे ने पिता की टांगी से काटकर की हत्या



**गुमला:** जिले के सदर थाना क्षेत्र के फसिया पंचायत के ढोढरीटोली में एक कलयुगी पुत्र जगदीश प्रधान ने अपने पिता चंदरू प्रधान उर्फ भोक्ता (65) की टांगी से काटकर हत्या कर दी। यह घटना मंगलवार देर शाम की है। पिता की हत्या करने के बाद बेटे ने शव को कमरे में बंद कर दिया और खुद टांगी लेकर दरवाजे के पास खड़ा हो गया। वह किसी को शव निकालने भी नहीं दे रहा था। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और काफी मुश्किल के बाद शव को कब्जे में ले सकी। इसके साथ ही हत्यारे को भी गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को आरोपी से पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया जाएगा।

मृतक की बेटी मैनी देवी ने बताया कि उसका भाई शराबी है। तीन-चार दिनों से उनकी पिता की तबियत खराब थी, जिसे डॉक्टर को दिखाने के लिए उसका भाई सदर अस्पताल गुमला ले गया था। डॉक्टर से दिखाने के बाद उनके लिए फल लेकर लाया और पिता को खिलाने लगा। इसी बीच अचानक उसने टांगी से हमला कर उनकी हत्या कर दी।

मैनी देवी ने बताया कि पिता की हत्या के बाद वह घर के कुत्ते को भी टांगी की बेंत से मार रहा था। जिसकी आवाज सुनकर वे अंदर गयी तो देखा कि उनके पिता की हत्या कर दी है और कुत्ते की पिटाई कर रहा है। मृतक की बेटी यह सब देखकर बाहर आई और स्थानीय लोगों से मदद के लिए गुहार लगाने लगी।

सूचना पर थानेदार सुरेंद्र कुमार सिंह घटनास्थल पहुंचे और दरवाजा को खोलने लगे। इस दौरान आरोपी ने अंदर से भी दरवाजा बंद कर दिया था। जिसके बाद पुलिसकर्मियों द्वारा दरवाजा तोड़ दिया गया। जहां देखा कि आरोपी हाथ में टांगी लेकर खड़ा है और जो भी अंदर घुसने का प्रयास कर रहा है। उसपर टांगी से हमला करने लगा। हालांकि कुछ देर बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस द्वारा सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## हेमन्त सोरेन ने बड़े भाई दुर्गा सोरेन को दी श्रद्धांजलि



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने बड़े भाई दुर्गा सोरेन और झारखंड आंदोलन के नेता दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम हेमंत सोरेन ने लोवाडीह, नामकोम स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उन्हें पुष्प अर्पित किए। इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन के साथ उनकी पत्नी और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन और राज्यसभा सांसद महुआ माजी मौजूद रहीं।

इस दौरान सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी दादा स्व दुर्गा सोरेन की जयंती पर उन्हें शत-शत नमन। उनका जीवन प्रेरणादायक रहा है। दुर्गा सोरेन अपने पूरे जीवन काल में गरीबों, वंचितो और शोषितो के लिए हमेशा खड़े रहे हैं।

**1965 भारत-पाक युद्ध के हीरो अब्दुल हमीद को भी दी श्रद्धांजलि :** सीएम हेमंत सोरेन ने 1965 भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद को उनके शहादत दिवस के दिन श्रद्धांजलि दी। इस दौरान सीएम ने कांटाटोली चौक स्थित उनके स्मारक पहुंच कर उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान हेमंत सोरेन ने अब्दुल हमीद चौक के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान सीएम के साथ कल्पना सोरेन और राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

## लाइसेंसधारी कुलियों ने पीएनएम प्रभारी से की मुलाकात

**रामगढ़:** रेलवे बोर्ड की ओर से निर्धारित सुविधाओं को उपलब्ध कराने के लिए बरकाकाना स्टेशन पर कार्यरत लाइसेंसधारी कुलियों ने सोमवार को ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री सह धनबाद मंडल के पीएनएम प्रभारी मो। ज्याऊद्दीन से मुलाकात की। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष सभी कुलियों के द्वारा समय पर निर्धारित शुल्क जमा कर दिया जाता है, परंतु रेलवे प्रशासन की ओर से पास की सुविधा के अतिरिक्त और कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। ज्याऊद्दीन को जानकारी देते हुए लाइसेंसधारी कुलियों ने बताया कि बरकाकाना स्टेशन पर वर्तमान में नौ लाइसेंसधारी कुली वर्ष 2015 से पदस्थापित हैं, जिन्हें रेल प्रशासन द्वारा बैज प्रदान किया गया है। वर्ष 2017 में लाल यूनिफॉर्म मिला था, लेकिन उसके बाद कोई यूनिफॉर्म आपूर्ति नहीं की गई है। कोरोनाकाल के बाद स्टेशन प्रबंधक बरकाकाना की ओर से यूनिफॉर्म आपूर्ति के लिए मांगपत्र धनबाद मंडल प्रशासन के पास भेजा गया था, लेकिन यह कहते हुए मांगपत्र वापस कर दिया गया कि अब सभी को यूनिफॉर्म के लिए भत्ता दिया जाएगा। मामले का अभी तक समाधान नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त कुलियों को पहले अपना लाल कार्ड (परिचय कार्ड) दिखा कर रेलवे अस्पताल से चिकित्सा सुविधा मिल जाती थी। अब इस सुविधा को भी बंद कर दिया गया है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा डिजिटल कार्ड की मांग की जा रही है, जिसे कौन और कहां से जारी किया जाना है यह जानकारी किसी के पास नहीं है। कुलियों ने यह भी बताया कि रेलवे बोर्ड के निर्देश के अनुसार लाइसेंसधारी कुलियों को उक्त गर्म व ठंडे यूनिफॉर्म और मेडिकल कार्ड द्वारा चिकित्सा सुविधाओं के अतिरिक्त स्टेशन परिसर में पेयजल, बिजली, पंखे एवं शौचालय युक्त रेस्ट रूम तथा पैसेंजर के सामान वहन के लिए ट्राली उपलब्ध कराने के लिए रेल प्रशासन को पहल करनी है, जो अभी तक बरकाकाना स्टेशन पर उपलब्ध नहीं कराई गई है।

# कांग्रेस चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी का पांच दिवसीय झारखंड दौरा, प्रत्याशियों पर मंथन

मेट्रो रेज




**रांची:** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित विधानसभा चुनाव स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष गिरीश चोडनकर, सदस्य प्रकाश जोशी और पूनम पासवान पांच दिवसीय दौरे पर आज (11 सितंबर) झारखंड पहुंचेंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यों के झारखंड दौरे को लेकर जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 को देखते हुए कांग्रेस की तीन सदस्यीय स्क्रीनिंग कमेटी अपनी चुनावी रणनीति के तहत जमीनी स्तर पर कार्यकताओं से सीधे संवाद करेगी। इस दौरान समिति के सदस्य अलग-अलग जिलों के नेताओं, कार्यकताओं और चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात करेगी। प्रत्येक विधानसभा के समीकरणों और परिस्थितियों से अवगत होंगे। साथ ही आवश्यकता के अनुसार उस क्षेत्र की विशेष समस्याओं से भी अवगत होने का प्रयास करेंगे ताकि विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के मजबूत उम्मीदवारों और मुद्दों का चयन हो सके।

**जिलों के नेताओं-कार्यकताओं के साथ कांग्रेस की बैठक :** कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि स्क्रीनिंग कमेटी 11 सितंबर की रात सेवा विमान से रांची पहुंचेगी। इसके बाद 12 सितंबर को पलामू, गढ़वा, लातेहार जिला के नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात करेगी। वहीं, 13 सितंबर को हजारीबाग परिसदन में चतरा, कोडरमा, रामगढ़, हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र के नेताओं, कार्यकताओं के अलावा पार्टी पदाधिकारियों के साथ भी बैठक होगी।

13 सितंबर को ही शाम 5 बजे से धनबाद परिसदन में धनबाद जिला के नेताओं के साथ बैठक होगी। जबकि 14 सितंबर को धनबाद परिसदन में सुबह 8 बजे से गिरिडीह, बोकारो, जामताड़ा के कार्यकताओं के साथ स्क्रीनिंग कमेटी बैठेगी। वहीं, 14 सितंबर की शाम को ही रांची परिसदन में रांची जिला और 15 सितंबर को सुबह 8 बजे से लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी जिला के नेताओं, कार्यकताओं एवं चुनाव लड़ने के इच्छुक उम्मीदवारों से मुलाकात करेगी।

**दिल्ली में विधानसभा चुनाव रणनीति पर चर्चा :** झारखंड कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में मंगलवार (10 सितंबर) की शाम नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

इस बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व संगठन प्रभारी के।सी। वेणुगोपाल, मीडिया चेयरमैन पवन खेड़ा, राष्ट्रीय वार रूम के चेयरमैन शशिकांत सेंथिल, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और विधानसभा चुनाव होने वाले चारों राज्य के लिए बनाए गए लोकसभा पर्यवेक्षकों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर चुनावी रणनीति तैयार की गयी।

**पांच न्याय को घर-घर पहुंचाने का निर्देश :** दिल्ली में 10 सितंबर को कांग्रेस की उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें कांग्रेस की पांच न्याय- युवा न्याय, नारी न्याय, भागीदारी न्याय, किसान न्याय और रोजगार न्याय को जन-जन तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। जिसे बूथ स्तर पर बनाए जा रहे, बूथ लेवल एजेंट के माध्यम से यह टास्क पूरा किया जाएगा।

**विधानसभा चुनाव के लिए लोकसभा वार बनाये गए पर्यवेक्षक :** झारखंड प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी ने बताया कि झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर 14 लोकसभा में पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं, जिनमें राजमहल में बिहार के विधायक मो। अफाक आलम, मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया को दुमका, बिहार में विधायक दल के नेता शकील खान को गोड्डा, छतीसगढ़ के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को चतरा, बिहार में कांग्रेस विधायक राजेश कुमार को कोडरमा के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए।

वहीं, बिहार के विधायक छत्रपति यादव को गिरिडीह, बिहार में विधायक अजित शर्मा को धनबाद, छतीसगढ़ के पूर्व मंत्री विकास उपाध्याय को रांची, छतीसगढ़ के विधायक दलेश्वर साहू को जमशेदपुर, राधेश्याम मूभेल को सिंहभूम, ओमकर सिंह मारखम को खूंटी, अमरजीत भगत को लोहरदगा, आनंद शंकर सिंह को पलामू और छाया वर्मा को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में पड़ने वाले विधानसभा क्षेत्रों का ऑब्जर्वर बनाया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### पहचान पत्र वितरण कार्यक्रम स्थगित

**रांची :** झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया है कि रांची रेलवे स्टेशन में जो सीएनजी ऑटो चालक महासंघ का पहचान पत्र बनाया गया था। वह पहचान पत्र आई कार्ड को किसी कारणवश आज वितरण कार्यक्रम को स्थगित किया जाता है। दिनेश सोनी ने यह भी बताया कि जिन ऑटो चालकों ने रांची रेलवे स्टेशन परिसर में आई कार्ड के लिए फॉर्म भरा था अगर उनको आई कार्ड लेना है तो रांची रेलवे स्टेशन परिसर में भोला सिंह से संपर्क कर अपना आई कार्ड ले सकते हैं।

### जगन्नाथपुर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान केंद्र का आयोजन



**रांची :** 11 सितंबर दिन बुधवार को रांची पुलीस आपकी सेवा में सदैव तत्पर कार्यक्रम में जगन्नाथपुर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान केंद्र में हटिया पुलिस उपाधीक्षक के मौजूदगी में जगरनाथपुर थाना, पुंदाग ओपी थाना, धुर्वा थाना, तीपुदाना थाना, विधानसभा थाना,के सभी थाना प्रभारी अपने अपने थाना के कनीय पुलिस पदाधिकारियों ने कैंप में आए लिखित शिकायत मामलो पर संज्ञान लेते हुए त्वरित एवम प्रभावी निवारण हेतु कार्रवाई कर उनके समाधान करने पर प्रशासनिक दिशा निर्देश के तहत सभी के बातो को सुन रहे हैं। जन शिकायत समाधान केंद्र में उपस्थित केंद्रीय शान्ति समिति सदस्य बीरेंद्र साहु ने बताया कि शिकायत दर्ज कराने वाले के अलावा उस छेत्र के गण मान्य सामाजिक लोगों की भी उपस्थिति दिख रही थी।

### इस्लाम धर्म दौलत से नहीं बल्कि पैगंबर के अच्छे आचरण से फैला: मौलाना तहजीबुल हसन



**रांची:** अल्लाह तआला अपने बंदों की दौलत नहीं देखता, इज्जत नहीं देखता, शोहरत नहीं देखता, काला-गोरा रंग नहीं देखता। देखता है तो सिर्फ उसकी नियत। अगर नियत (इरादा) सही हो तो सब कुछ अच्छा होता है। आमाल (नेक कार्यों)का दारो मदार नियत पर निर्भर करता है। उक्त बातें ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के चेयरमैन व झारखंड वक्फ बोर्ड के सदस्य व मस्जिद जाफरिया रांची के इमाम व खतीब हजरत मौलाना अल्हाज सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहीं। वह मस्जिद जाफरिया में झारखंड के लोकप्रिय सोजख्वान सैयद अत्ता इमाम रिजवी की पत्नी स्वर्गीय कंबरी खातून बिंत स्वर्गीय तालिब हुसैन की स्मृति सभा को संबोधित कर रहे थे। मौलाना ने कहा कि अमल इरादे पर निर्भर करता है। हम सभी को अपने अंदर देखना होगा कि हमारे अंदर क्या बुराई है और क्या अच्छाई है। यदि हम नमाज पढ़ रहे हैं और मजलिस में बैठे हैं और बैठने से हमारे अंदर कुछ भी नहीं बदलता है। हम झूठ बोलते हैं, मुझमें बुराई पाई जाती है, तो फिर मजलिस में बैठने या नमाज पढ़ने से कोई फायदा नहीं। मौलाना ने कहा कि इमाम हुसैन की मजलिस का फर्श न तो बुराई को पसंद करता है और न ही बुरे लोगों को पसंद करता है। इस्लाम धर्म फैला है तो वह पैगम्बर मुहम्मद के अच्छे आचरण के कारण फैला है। इसीलिए कहा जाता है कि अपने अंदर अख्लाक संस्कारों को सुधारो। इस्लाम धन से नहीं बल्कि अच्छे संस्कारों से फैला है। आइए हम सब ऐसे रहें कि लोग देखें और समझें कि ये अली वाले लोग हैं।' और अली वाले किसी पर जुल्म नहीं करते। मजलिस में आए सभी लोगों का स्वागत सैयद अत्ता इमाम रिजवी और उनके बेटों ने किया। इस मौके पर सैयद अशरफ हुसैन, सैयद निहाल हुसैन सरियावी, डॉ. सैयद नाजिर हुसैन, असगर इमाम, अली हसन फातमी, कमर बिलग्रामी, अमूद अब्बास, शमीम, निहाल रिजवी, यावर हुसैन, इकबाल हुसैन फातमी, हसन इमाम, अली हसन फातमी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। बाद मजलिस हाशिम अली कासिम अली ने नोहा खानी की।

### भारत करेगा वैश्विक सहकारिता सम्मेलन-2024 की मेजबानी

**रांची :** इफको की पहल पर पहली बार आईसीए महासभा और वैश्विक सहकारिता सम्मेलन की मेजबानी भारत करेगा। गौरतलब है कि आईसीए निदेशक मंडल की गत 28 जून 2023 को ब्रुसेल्स में आयोजित बैठक के दौरान इफको ने आईसीए महासभा और वैश्विक सम्मेलन की मेजबानी भारत में करने का प्रस्ताव रखा था, जिसे निदेशक मंडल के सदस्यों ने मंजूर कर लिया। इसके पश्चात संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि भारत में वैश्विक सहकारिता सम्मेलन के दौरान संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 का आधिकारिक शुभारंभ भी होगा। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह बतौर मुख्य अतिथि 25 नवंबर को सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे। इस कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 पर एक स्मारक डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

# तालाब के पास मिला चार युवकों का शव हत्या या हादसा, जांच में जुटी पुलिस

**मेट्रो रेज**

**रांची:** राजधानी रांची के बीआईटी मेसरा में स्थित एक तालाब के पास से चार युवकों के शव मिले हैं. मृतकों के शरीर पर चोट के निशान मिले हैं. पुलिस वज्रपात से मौत होने की आशंका जता रही है। हालांकि पुलिस हत्या और वज्रपात से मौत होने के बिंदु पर जांच कर रही है.

**मछली मारने के लिए निकले थे घर से :** बीआईटी इलाके के नेवरी के रहने वाले चार युवक शोएब, साहेब नुरूल्लाह, मो आसिफ और मो मकसूद घर से मछली मारने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद मंगलवार की रात करीब 12 बजे पुलिस को यह खबर मिली कि चार युवकों का शव तालाब के पास पड़े हुए हैं. घटना की जानकारी मिलने के बाद सदर थानेदार कुलदीप कुमार, बीआईटी मेसरा ओपी प्रभारी रोशन कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. मौके से चार युवकों का शव बरामद हुआ. चारों शवों को देखकर यह लग रहा था कि वज्रपात होने से उनकी मौत हुई है. सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि मृतकों के शरीर को देखने के बाद प्रथम दृष्टया यही लग रहा है कि सभी की मौत ठनका गिरने से हुई है. दो युवकों के बाल पीछे से जले हुए थे ऐसा बिजली गिरने के बाद ही होता है।

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका :** वहीं, दूसरी तरफ चारों युवकों के परिजनों ने उनकी हत्या की आशंका जताई है. हत्या के आशंका जताते हुए देर रात परिजनों ने बीआईटी में जमकर हंगामा भी किया. कुछ लोग मामले को अलग रंग देकर माहौल खराब करने की कोशिश भी करने लगे. मौके पर मौजूद कुछ लोग चारों युवकों की हत्या किए जाने की बात कह कर सांप्रदायिक रंग देने का प्रयास भी कर रहे थे. हालांकि पुलिस ने लोगों को काफी मशक्कत के बाद समझा बुझाकर शांत किया. सदर थाने की पुलिस ने ग्रामीणों को आश्वत किया है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत की वजह से पूरी तरह से स्पष्ट हो जाएगी. इसमें कोई गड़बड़ी नहीं होगी. पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**आज होगा पोस्टमार्टम :** रात के करीब दो बजे पुलिस चारों शवों को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया. रिम्स अस्पताल में चारो का पोस्टमार्टम आज होगा।

### अमित शाह 21 सितंबर को आयेंगे झारखंड

**रांची :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 21 सितंबर को झारखंड आयेंगे। वह संताल परगना के भोगनाडीह से भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा की शुरूआत करेंगे। इसमें भाजपाशासित राज्यों उत्तर प्रदेश, ओडिशा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। भोगनाडीह में श्री शाह पार्टी की ओर से आयोजित सभा को भी संबोधित करेंगे। इसको लेकर पार्टी की ओर से तैयारी शुरू कर दी गयी है। प्रदेश स्तर से लेकर जिला स्तर तक कमेटी का गठन किया गया है।

**दीपक प्रकाश को बनाया गया है संयोजक :** प्रदेश स्तर की कमेटी में राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश को संयोजक, प्रदेश महामंत्री प्रदीप वर्मा व पूर्व सांसद समीर उरांव को सह संयोजक बनाया गया है। वहीं अलग-अलग प्रमंडलों के लिए भी अलग-अलग नेताओं को जिम्मेवारी सौंपी गयी है। पार्टी की ओर से 20 से 30 सितंबर के बीच छह सांगठनिक प्रमंडलों में परिवर्तन संकल्प यात्रा निकाली जायेगी। गिरिडीह के झारखंडी धाम से यात्रा निकाली जायेगी। इसके अलावा कोल्हान, रांची, हजारीबाग व पलामू प्रमंडल में भी परिवर्तन यात्रा निकाली जायेगी। इसमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी समेत प्रदेश के शीर्ष के साथ सांसद-विधायक शामिल होंगे।

**परिवर्तन संकल्प यात्रा में 81 विधानसभा तक पहुंचेगी भाजपा :** पार्टी की ओर से आयोजित परिवर्तन संकल्प यात्रा सभी 81 विधानसभा तक पहुंचेगी। इसको लेकर मंगलवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई बैठक में विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में भाजपा के विधानसभा प्रभारी व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा सह प्रभारी व असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्वा सरमा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, समीर उरांव, प्रदीप वर्मा समेत कई नेता मौजूद थे।

## रामगढ़ डीसी, एसपी और डीएफओ को समन, बैठक में नहीं हुए थे शामिल



**रांची:** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग भारत सरकार की सदस्य डॉ आशा लकड़ा अपनी टीम के साथ रामगढ़ पहुंची। लेकिन निर्धारित समय पर अधिकारी मीटिंग के लिए नहीं पहुंचे। इसके बाद आयोग ने जिले के डीसी, एसपी और डीएफओ को समन जारी किया है। छत्तरमांडू स्थित परिसदन में उन्होंने पत्रकारों से कहा कि आयोग आदिवासियों के हितों की रक्षा व उनके संरक्षण का कार्य करता है। रामगढ़ जिला से कई शिकायतें मिली थीं। इसकी सुनवाई व समीक्षा की जानी थी, पर नहीं हुई। उन्होंने कहा कि मांडू अंचल के पूर्व सीओ जयकुमार राम द्वारा बड़े पैमाने पर उच्चाधिकारियों से मिलीभगत कर आदिवासी जमीन लूटी गयी है। इस लूट में सीसीएल के पदाधिकारी भी पीछे नहीं हैं। आयोग को नगर परिषद क्षेत्र के हेसला वार्ड नंबर 11 व 12 में भी आदिवासी जमीन गलत ढंग से बेचने की शिकायत मिली है। जिले के आदिवासी क्षेत्र में मानकी, मुंडा ग्राम प्रधान को मिलने वाली एक हजार की राशि भी नहीं मिल रही है।

**आदिवासियों के साथ मारपीट की जाती है :** उन्होंने कहा की पुलिस विभाग के मामले में भी कई शिकायतें मिली हैं। इसमें आयोग रजरप्पा थाना के चौकीदार अमेरिका मुंडा मामले की जांच कर रहा है। चौकीदार को वर्ष 2014 से वेतन नहीं दिया जा रहा है। उसकी पत्नी से भी थाना में कार्य कराया जाता था। उसे भी पैसा नहीं दिया गया। कहा गया कि अमेरिका मुंडा रिटायर कर गया है। आदिवासी समाज ने जिले के 119 गांवों में वनाधिकार पट्टा की मांग की थी, लेकिन जिले के अधिकारियों ने कोई सुनवाई नहीं की। आदिवासियों के साथ जमीन की हेराफेरी मामले में मारपीट की जाती है, लेकिन पुलिस प्राथमिकी दर्ज नहीं करती है। इन सभी बातों को छुपाने के लिए जिले के उपायुक्त, एसपी व डीएफओ ने बैठक में भाग नहीं लिया। गौरतलब हो कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा सोमवार को रामगढ़ दौरे पर पहुंची थी. मंगलवार को अधिकारियों के साथ बैठक होनी थी।

### नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म करने का आरोपी सुनील अहीर दोषी करार

**रांची :** रांची सिविल कोर्ट ने नाबालिग का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोप में सुनील अहीर को दोषी करार दिया है. अदालत उसकी सजा की बिंदु पर 13 सितंबर को सुनवाई करेगा. पोक्सो मामले के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने यह फैसला सुनाया है. दोषी करार दिया गया युवक सुनील अहीर सोनाहातू थाना क्षेत्र का कुदाडीह गांव का निवासी है. उसके खिलाफ पीड़िता की मां ने सोनहातू थाना में 28 जून 2022 को प्राथमिकी दर्ज करवाई थी।

झारखण्ड सरकार
अधीक्षक, उपकारा रामगढ़ का कार्यालय
गृह (कारा एवं आपदा प्रबंधन) विभाग
ग्रा0–चाहा, पो0–जमीरा, जिला–रामगढ़, पिन कोड–825101
E-mail – sj.ramgarh@gmail.com, sj-ramgarh@jharkhandmail.gov.in

कार्यालय आदेश

एतत् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपकारा, रामगढ़ द्वारा चतुर्थ त्रैमासिक निविदा हेतु आमंत्रित चतुर्थ ई0 निविदा सूचना– PR 333739 Prison and Disaster management(24-25)_D के लिए निविदा खोले जाने की तिथि 14.09.2024 के स्थान पर अपरिहार्य कारणों से दिनांक–18.09.2024 को अपराह्न 12.00 बजे अपर समाहर्ता, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में निर्धारित की गयी है।

ह0/–
प्रभारी काराधीक्षक,
उपकारा, रामगढ़

PR 335236 (Home, Prison And Disaster Management)24-25*D



### तीन दिनों से लापता था शख्स, तालाब से मिला शव

शहर के पॉश इलाके स्थित चौधरी तालाब से बुधवार को एक शख्स का शव बरामद किया गया है. शव की शिनाख्त मुरहू निवासी 45 वर्षीय जहीर खान के रूप में की गई है. बताया जा रहा है कि जहीर को आठ सितंबर को पेट दर्द की शिकायत पर सदर अस्पताल इलाज के लिए पहुंचा था और डॉक्टरों ने उसे एडमिट कर लिया था, लेकिन दूसरे दिन ही वह अस्पताल से लापता हो गया था. परिजनों ने खूंटी थाना में गुमशुदगी का सनहा भी दर्ज कराया था।

जानकारी के अनुसार चौधरी मुहल्ला के लोगों ने सबसे पहले शव को तालाब में देखा था. इसके बाद देखते ही देखते लोगों की भीड़ तालाब के पास जुट गई. स्थानीय लोगों ने खूंटी थाना की पुलिस को मामले की सूचना दी. जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को तालाब से निकलवाकर अपने साथ थाने ले गई।

**तीन दिन से लापात था शख्स :** इसके बाद दोपहर 12 बजे के करीब मृतक के परिजन थाना पहुंचे और शव की शिनाख्त की. परिजनों ने पुलिस को बताया कि जहीर खान नशे का आदि था. साथ ही बताया कि पेट दर्द की शिकायत पर जहीर को आठ सितंबर को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया था. लेकिन वह अस्पताल से भाग गया था. इधर, 11 सितंबर की सुबह चौधरी तालाब से शव बरामद होने की जानकारी मिली.

**तालाब में डूबने से मौत होने की आशंका :** इस संबंध में खूंटी थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में तालाब में डूबने से मौत होने की आशंका है. उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का स्पष्ट तरीके से कुछ पता चल सकता है. फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

e-Procurement Cell
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT, BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI
(Behind State Guest House Morhabadi) Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008

Short Term e-Procurement Notice
Date – 10-09-2024

| Sl. No. | Tender Reference No. | Work Name | Amount (Rs.) | Completion Time |
|---|---|---|---|---|
| 1 | BCD/Div.No.-1, Ranchi/37/2024-25 | Renovation of Main Building Ground & First Floor, Barrack and Boundary Wall in the Campus of Chief Justice Residence at Kanke Road, Ranchi | 6167400 | Two Month |
| 2 | Start Date of Submission of Bids | 18-09-2024 at 11.00 AM | | |
| 3 | Last Date/Time of Submission of Bids | 25-09-2024 at 11.00 AM | | |
| 4 | Date/Time of Opening of Bid | 26-09-2024 at 11.00 AM | | |
| 5 | Helpline Number of e-procurement Cell | 8527519262 | | |
| 6 | e-mail ID | eebcddiv1ranchi@gmail.com | | |
| 7 | Note :- Cost of bidding document (Non Refundable) & Bid Security Shall be payable on online through http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Change can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in<br>Any Other information can be on Website http://Jharkhandtenders.gov.in | | | |

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No. 1, Ranchi

PR 335293 Building (24-25)_D

झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
फैक्स नं०–0651–2490956 ई० मेल : sec-labour-jhr@nic.in

प्रेस विज्ञप्ति

रॉची, दिनांक..................

एतद् द्वारा झारखण्ड संयुक्त असैनिक सेवा प्रतियोगिता बैकलॉग परीक्षा (विज्ञापन सं0–27/2017) के माध्यम से झारखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा झारखण्ड नियोजन सेवा के तहत जिला नियोजन पदाधिकारी/नियोजन पदाधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि नियुक्ति के पूर्व शैक्षणिक/जाति/आवासीय आदि मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन कार्यक्रम दिनांक–13.09.2024 को झारखण्ड मंत्रालय, नेपाल हाउस, डोरण्डा, रॉची के तृतीय तल स्थित कमरा संख्या–301 में 11:00 बजे पूर्वाह्न से 01:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित किया गया है।

2. सभी अनुशंसित अभ्यर्थी यथानिर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों तथा आरक्षित श्रेणी के अभ्यर्थी विज्ञापन में विहित जाति/दिव्यांगता/आवासीय आदि मूल प्रमाण पत्रों एवं आयोग द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु निर्गत प्रवेश पत्र की मूल प्रति के साथ उपस्थित होंगे।
3. सभी चयनित अभ्यर्थी संलग्न विहित प्रपत्र में अपने स्थायी पता में अंकित जिले के अनुमण्डल पदाधिकारी/कार्यपालक दण्डाधिकारी द्वारा प्रमाणित इस आशय का शपथ पत्र समर्पित करेंगे कि उनके द्वारा समर्पित सभी प्रमाण पत्र सही हैं तथा उनके विरूद्ध किसी न्यायालय में कोई फौजदारी/अन्य वाद दायर नहीं है एवं उनका आचरण प्रतिकूल नहीं है।
4. किसी नियोक्ता के अन्तर्गत पूर्व से कार्यरत अभ्यर्थियों को पूर्व नियोक्ता द्वारा निर्गत इस आशय का प्रमाण पत्र समर्पित करना होगा कि अभ्यर्थी को जिला नियोजन पदाधिकारी/ नियोजन पदाधिकारी के पद पर योगदान देने हेतु पूर्व नियोक्ता (विभाग/संस्थान) द्वारा विरमित कर दिया जाएगा।
5. दिनांक–13.09.2024 को किसी कारणवश शैक्षणिक/जाति/आवासीय आदि मूल प्रमाण पत्रों के सत्यापन कार्यक्रम में भाग नही ले पाने वाले अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन दिनांक–18.09.2024 को किया जाएगा।

अनुलग्नकः–विहित शपथ पत्र प्रारूप।

ह0/–
(नागेन्द्र पासवान)
सरकार के संयुक्त सचिव।

In the Court of Executive Magistrate/Sub Divisional Magistrate

I, Mr./Ms./Mrs.............................................S/D/W/O ............................................ aged ................................ by caste-.................................by faith ................................ by Nationality- Indian by occupation .............................................. resident of Village/Town- ................................ P.S.............................................. District ...................................... State ................................ do here by solemnly affirm and declare as follows:

(1) That there is no any adverse remarks against me in any Police Station.
(2) That there is no criminal case against me in any police station or in any honourable Court.
(3) That all the documents i.e. caste certificate, residential certificate, educational qualification certificates/mark sheets and other certificates submitted by me are true to the best of my belief and knowledge.

I solemnly affirm that the above declaration is true and I understand that in the event of the declaration being found to be incorrect after my appointment, I shall be liable to be dismissed from service and also liable to be punished under law.

Date-
Place-

Solemnly affirm and declared before me to be true by the deponent who is identified by the Advocate.........................

..................................Signature of Magistrate

Deponent's Signature

PR 335247 (Labour Employment and Traning)24-25*D

# शिक्षक दिवस एवं गणपति उत्सव मनाई गई



**रांची:** डीएवी शिक्षा दीप विद्यालय,जयप्रकाश नगर,रांची में शिक्षक दिवस एवं गणपति पूजन समारोह धूमधाम से संस्थापिका नीलम देवी की अध्यक्षता मे मनाई गई। कार्यक्रम के पहले चरण मे शिक्षक दिवस (5 सितंबर) के अवसर डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के चित्र पर सभी विद्यार्थी एवं शिक्षकगण पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन मे उतारने का संकल्प लिया साथ ही विधालय शिक्षकगणों ने सामूहिक रूप से विद्यालय के निदेशक शिवनंदन पाठक जी को सम्मानित किया गया।सम्मान पाकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शिव नंदन पाठक ने कहा शिक्षक ही समाज को सही दिशा मे ले जाते हैं और छात्रों के भविष्य का निर्माण भी करते हैं इसलिए शिक्षकों का हमेशा आदर और सम्मान करनी चाहिए शिक्षक ही डॉक्टर,इंजीनियर,आई.ए.एस.,आ ई,पी. एस.आदि के निमार्ता हैं जो देश की सेवा अपनी कर्मों द्वारा करते हैं।

दूसरे चरण में विधालय के उपनिदेशक ब्रजेश कुमार पाठक जी ने मंत्रोपचारण के साथ श्री गणेश जी की पूजन अर्चना कराई।प्राचार्य आलोक कुमार ने श्री गणेश पूजन के महत्व एवं श्री गणेश जी के कथा दिल छु लेने वाली सुनाई।

पूजन के बाद हेड ब्वॉय मनीष कुमार,हेड गर्ल सोनम कुमारी एवं अंकिता कुमारी के निर्देशन मे बच्चों ने स्वागत गान,रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता प्रस्तुत की जिसका मुख्यअतिथि छात्र क्लब ग्रुप के वरीय संरक्षक एवं प्रसिद्ध समाजसेवी नामधारी प्रसाद, विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश अन्य अतिथिगण, अभिभावकगण ने भरपूर आनन्द लिया।कार्यक्रम समाप्ति के पूर्व विधालय के शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया गया एवं प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम की समापन्न की गई। धन्यवाद ज्ञापन उप प्राचार्या सुनीता मिश्रा ने किया।आज के कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से विद्यालय परिवार की मेघा दास सहित अन्य कर्मचारियों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा।

## सुविचार

**दुख: जीवन में इसलिए आते हैं ताकि हम सुख का महत्व समझ सकें।**

## जम्मू-कश्मीर पर रक्षामंत्री का दूरगामी संदेश

जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार को एक नई करवट देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसी बातें कहीं है जो घाटी के लोगों के दिलों को छूने वाली होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है एवं गुलाम कश्मीर के लोगों के प्रति सहानुभूति एवं आत्मीयता दर्शाने वाली है। एक दिन पहले करगिल युद्ध को लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने वो बात कुबूल कर ली, जो अब तक सारे पाकिस्तानी जनरल पूरी दुनिया से छिपाते रहे। आसिम मुनीर ने साफ-साफ कहा कि कारगिल जंग में पाकिस्तानी सेना का हाथ था। उनके सैनिकों ने शहादत दी है। इसके अगले ही दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की धरती से ये ऐलान कि अगर पाकिस्तान आतंक छोड़ दे तो उसके साथ बातचीत हो सकती है। यह बयान बहुत कुछ कहता है एवं इसके कई दूरगामी राजनीतिक दृष्टिकोण है। पाकिस्तान समझ चुका है कि कश्मीर में अब उसका कुछ नहीं बचा। रही सही कसर, जम्मू-कश्मीर में हो रहे चुनावों में लोगों की जोरदार भागीदारी ने पूरी कर दी। उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, ऐसे में वह हकीकत स्वीकार करता नजर आ रहा है। रक्षामंत्री की कही बातों में पाकिस्तान सरकार को सीधा सन्देश दिया गया है। निश्चित ही राजनाथ सिंह के बयान एक अनुभवी एवं कद्दावर नेता के रणनीतिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े बयान है, जिनकी प्रतिक्रिया दोनों ही देशों में होने के साथ ही चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट का बड़ा कारण बना है।

कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना गुलाम कश्मीर के लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि उन्हें भी इस ओर आजाद फिजा में सांस लेने का मौका मिले। ऐसे में रक्षामंत्री ने उन्हें भारत का हिस्सा बनने का निमंत्रण देकर पड़ोसी देश की दुखती रग को छेड़ दिया है एवं पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है, बल्कि गुलाम कश्मीर के लोगों में भी नया विश्वास एवं मनोबल जगा दिया है। रक्षामंत्री का यह निमंत्रण बहुत मायने रखता है, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि गुलाम कश्मीर हमारा है एवं हम इसे लेकर रहेंगे। गुलाम कश्मीर के लोग भारत से मिलने के लिये उत्सुक है, आन्दोलनरत है। क्योंकि पाकिस्तानी शासक उन्हें विदेशियों की तरह देखते हैं। यह एक सच्चाई भी है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का जैसा दमन और शोषण कर रहा है, उसके कई प्रमाण सामने आ चुके हैं। इसी दमन और शोषण के चलते जब-तब वहां पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लोग भारत जाने की अनुमति भी मांगते रहते हैं। गुलाम कश्मीर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों को मारा जा रहा है। वहां के लोग यह अच्छी तरह देख रहे हैं कि भारतीय भूभाग में किस तरह तेजी से विकास हो रहा है और उन्हें किस तरह पाकिस्तान की ओर से ठगा जाता रहा है। कहना कठिन है कि रक्षा मंत्री के बयान पर पाकिस्तान क्या कहता है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि वह आतंकवाद को सहयोग-समर्थन देने से बाज आएगा। पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे इस चुनाव पर सिर्फ भारतीयों नहीं, पूरी दुनिया की नजर है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।

रक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य के जरिये चुनाव के परिदृश्यों को एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उनके लिए ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता पाकिस्तानपरस्ती का परिचय देते हुए उससे बात करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करते हुए वे यह रेखांकित नहीं करते कि वार्ता के लिए उसे आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद-370 की वापसी का भी सपना दिखा रहे हैं। यह दिवास्वप्न के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि अब इस विभाजनकारी और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले अनुच्छेद की वापसी संभव नहीं और इसीलिए रामबन में राजनाथ सिंह ने कहा, भाजपा ने डंके की चोट पर अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि का रास्ता बनाया है। किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं कि वह इस अनुच्छेद को वापस ला सके। ऐसा कहते हुए उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया, जो कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और अनुच्छेद-370 की वापसी के उसके वादे पर मौन धारण किए हुए है। पाकिस्तान एवं घाटी के विभिन्न राजनीतिक दल बार-बार अनुच्छेद 370 का जिक्र कर दुनिया के सामने यह गीत गाते रहे हैं कि 370 हटने से कश्मीर के लोग नाराज हैं। इस झूठ को खुलासा स्वयं कश्मीर की जनता ने लोकसभा चुनाव में वोटिंग के जरिये किया है।

घाटी में चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे हैं राजनीतिक दल पाकिस्तानी राग अलापते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला इस वक्त अफजल को दी गयी फांसी के विवाद में घिर चुके हैं। उन्होंने कह दिया कि अफजल को फाँसी देना गलत था। चूँकि अफजल संसद पर हमले का जिम्मेदार था, उसकी तरफदारी करके नेशनल कान्फ्रेंस स्पष्ट रूप से जता रही है कि वह आतंकवादियों से मिली हुई है या उनकी तरफदारी कर रही है और कांग्रेस उसकी साथी है। इन स्थितियों में कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में किए गए वादों से सहमत है? उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह उमर अब्दुल्ला के इस आकलन से सहमत है कि संसद पर हमले की साजिश रचने वाले अफजल गुरु को फांसी की सजा देने से कुछ हासिल नहीं हुआ? यह अलगाववाद और आतंकवाद के दौर की वापसी के समर्थकों की हमदर्दी हासिल करने वाला ही बयान है और इसीलिए राजनाथ सिंह ने उन पर कटाक्ष किया कि अफजल को फांसी न दी जाती तो क्या उसके गले में हार डाले जाते। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस उमर अब्दुल्ला के इस बयान पर भी चुप्पी साधे है, जबकि उसे फांसी की सजा मनमोहन सिंह सरकार के समय ही दी गई थी। ऐसे में कश्मीर के लोगों को तय करना होगा कि वे देश प्रेमियों के साथ हैं या देशद्रोहियों के साथ? बहरहाल, धारा 370 हटने के बाद यहाँ पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ था जो अच्छा संकेत है। वर्ना इससे पहले तो तीस प्रतिशत मतदान को भी अच्छा समझा जाता रहा। जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता के साथ गुलाम कश्मीर एवं अनुच्छेद 370 के मुद्दे व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेंगे। इन चुनावों में मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। इन स्थितियों में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कश्मीर की जनता को जागरूक किया है एवं मतदान के प्रति सतर्क होने के साथ अपना मतदान विवेक से करने का वातावरण निर्मित किया है।

# स्वामी विवेकानन्द का वो 11 सितंबर का दिन !

**मुझे गर्व है कि हमने अपने दिल में इजराइल की वो पवित्र यादें संजो रखी हैं, जिनमें उनके धर्मस्थलों को रोमन हमलावरों ने तहस-नहस कर दिया था, फिर उन्होंने दक्षिण भारत में शरण ली। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं जिसने पारसी धर्म के लोगों को शरण दी, लगातार अब भी उनकी मदद कर रहा है।**

वैसे तो इतिहास की हर तरीख किसी न किसी खास विषय के लिए जानी जाती है, किंतु वो तारीख थी सन 1893 में 11 सितम्बर की, जो सदैव के लिए भारत के अद्वैत वेदांत की आधुनिक युग में विजय पताका के लिए प्रसिद्ध हो गई है । भारत से आए भगवाधारी 30 साल के युवा संन्यासी स्वामी विवेकानन्द ने शिकागो की धर्मसभा में जो बोला-'अमेरिका के मेरे भाइयों और बहनों'। बस, उनका यह कहना रहा कि फिर क्या था ! उनके कहे ये दो शब्द इतिहास के पन्नों में वो शब्द बन गए, जिसने आर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ शिकागो को पूरे दो मिनट तक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजने पर मजबूर कर दिया और आज भी उस दिन की याद में विवेकानन्द को याद करते हुए विश्व भर में अनेकों स्थान पर भारतीय धर्म-दर्शन के मर्म को समझने का प्रयास होता है।

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**




स्वामी विवेकानंद ने आगे कहा- मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे देश से हूं, जिसने इस धरती के सभी देशों और धर्मों के सताए लोगों को अपने शरण में रखा है। आपने जिस स्नेह के साथ मेरा स्वागत किया है उससे मेरा दिल भर आया है, मैं आपको अपने देश की प्राचीन संत परंपरा की तरफ से धन्यवाद देता हूं। मैं आपको सभी धर्मों की जननी की तरफ से भी धन्यवाद देता हूं और सभी जाति, संप्रदाय के लाखों, करोड़ों हिंदुओं की तरफ से आभार व्यक्त करता हूं। मेरा धन्यवाद कुछ उन वक्ताओं को भी जिन्होंने इस मंच से यह कहा कि दुनिया में सहनशीलता का विचार सुदूर पूरब के देशों से फैला है। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं, जिसने दुनिया को सहनशीलता और सार्वभौमिक स्वीकृति का पाठ पढ़ाया। हम सिर्फ सार्वभौमिक सहनशीलता में ही विश्वास नहीं रखते, बल्कि हम विश्व के सभी धर्मों को सत्य के रूप में स्वीकार करते हैं।

मुझे गर्व है कि हमने अपने दिल में इजराइल की वो पवित्र यादें संजो रखी हैं, जिनमें उनके धर्मस्थलों को रोमन हमलावरों ने तहस-नहस कर दिया था, फिर उन्होंने दक्षिण भारत में शरण ली। मुझे गर्व है कि मैं एक ऐसे धर्म से हूं जिसने पारसी धर्म के लोगों को शरण दी, लगातार अब भी उनकी मदद कर रहा है।

भाइयों, मैं आपको एक श्लोक की कुछ पंक्तियां सुनाना चाहूंगा, जिन्हें मैंने बचपन से स्मरण किया और दोहराया है और जो रोज करोड़ों लोगों द्वारा हर दिन दोहराया जाता है। 'रुचिनां वैचित्र्याद्दजुकुटिलनानापथजुषाम' नृणामेको गम्यस्त्वमसि पयसामर्णव इव...' इसका अर्थ यह है कि जिस तरह अलग-अलग स्त्रोतों से निकली विभिन्न नदियां अंत में समुद्र में जाकर मिल जाती हैं, उसी तरह मनुष्य अपनी इच्छा के अनुरूप अलग-अलग मार्ग चुनता है, जो देखने में भले ही सीधे या टेढ़े-मेढ़े लगें, परंतु सभी भगवान तक ही जाते हैं।

इसी भाषण में स्वामी विवेकानन्द आगे बोले, मुझे पूरी उम्मीद है कि आज इस सम्मेलन का शंखनाद सभी हठधर्मिताओं, हर तरह के क्लेश, चाहे वे तलवार से हों या कलम से, और सभी मनुष्यों के बीच की दुर्भावनाओं का विनाश करेगा। मौजूदा सम्मेलन जो कि आज तक की सबसे पवित्र सभाओं में से है, वह अपने आप में गीता में कहे गए इस उपदेश इसका प्रमाण है। "जो भी मुझ तक आता है, चाहे कैसा भी हो, मैं उस तक पहुंचता हूं। लोग अलग-अलग रास्ते चुनते हैं, परेशानियां झेलते हैं, लेकिन आखिर में मुझ तक पहुंचते हैं।' सांप्रदायिकता, कट्टरता और इसके भयानक वंशजों के धार्मिक हठ ने लंबे समय से इस खूबसूरत धरती को जकड़ रखा है। उन्होंने इस धरती को हिंसा से भर दिया है और कितनी ही बार यह धरती खून से लाल हो चुकी है। न जाने कितनी सभ्याताएं तबाह हुईं और कितने देश मिटा दिए गए। यदि ये खौफनाक राक्षस नहीं होते तो मानव समाज कहीं ज़्यादा बेहतर होता, जितना कि अभी है। लेकिन उनका वक्त अब पूरा हो चुका है। मुझे उम्मीद है कि इस सम्मेलन का बिगुल सभी तरह की कट्टरता, हठधर्मिता और दुखों का विनाश करने वाला होगा। चाहे वह तलवार से हो या फिर कलम से।

वस्तुतः इन शब्दों ने ये साफ कर दिया कि वे उस देश से आते हैं जहां वसुधैव कुटुम्बक सनातन धर्म का मूल संस्कार और विचारधारा है। जिसमें पूरी दुनिया एक परिवार है। जिस वक्त ब्रिटेन समेत चर्च के माध्यम से ये बताने का प्रयास हो रहा था कि भारत सपेरों, जादू-टोना करनेवालों, अनपढ़-गंवारों का देश है। अंग्रेज और ईसाई मिशनरी के माध्यम से वहां जाकर भारत के लोगों को सभ्य बनाने का काम किया जा रहा है । निश्चित ही जो स्वामी विवेकानन्द ने बोला, उस सभा में बैठे हुए सभी 7000 लोगों को यह सोचने पर विवश कर रहा था कि जैसी तस्वीर भारत की हमें बताई जा रही थी, उससे पूरी तरह से भिन्न और आध्यात्मिक शिखर पर कई गुना हमारी सभ्यता और संस्कृति से उन्नत भारत है, इसलिए वे स्वामी विवेकानंद के इन शब्दों से मंत्र-मुग्ध हो जाते हैं।

आगे स्वामी विवेकानन्द की यात्रा सिर्फ अमेरिका को ही नहीं संपूर्ण यूरोप को भारत के आध्यात्म और अद्वैत वेदान्त की उदात्त शिक्षाओं का ज्ञान प्राप्त करने के लिए प्रेरित करती हुई दिखाई देती है। वो 11 सितम्बर की तारीख ही थी जिसने भारत के प्रति उन तमाम नेरेटिव को ध्वस्त कर दिया जोकि चर्च और तमाम कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट चर्च तत्कालीन समय में बना रह थे। कहना होगा कि स्वामी विवेकानन्द की शिकागो यात्रा अब इतिहास में प्रसिद्ध हो चुकी थी, न केवल ये यात्रा बलकि उसके बाद उनकी सभी यात्राओं ने भारत की आध्यात्मकिता और वेद वाक्यों को पूरी दुनिया की नजर में आधुनिक सोच के साथ पुनः स्थापित करने का काम कर दिया, जिसकी अनन्त यात्रा के साक्षी आज हम और आप 21 वीं सदी वर्ष 2024 में भी हैं।

# प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण में इंसानी अभिरुचि कम क्यों?

**भारत के टाइगर रिजर्व, कॉरिडोर और शेर संरक्षण क्षेत्र में जिन तकनीकों से वनावरण किया जा रहा है, ये तकनीक अभी तक सफल रही है। देश में वन और वृक्ष संसाधनों पर बनी पुरानी नीतियों, योजनाओं को दीर्घकालिक प्रबंधन में तब्दील करके नई धार देने की आवश्यकता है। वनों की रक्षा डिजिटल और आधुनिक किए जाने की दरकार है।**

वन संपदा हमारे जीवन में कुदरती उपहार है। इसलिए इसका संरक्षण करना मानव का पहला कर्तव्य है। राष्ट्रीय वन शहीद दिवस पर इस पर चिंतन करना जरूरी हो जाता है। यह दिवस उन वीरों को समर्पित होता है जिन्होंने भारतीय जंगलों और उसमें रहने वाले तमाम बेजुबान वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए खुद को मिटा दिया। यह खास दिन हिंदुस्तान में सालाना 11 सितंबर को मनाया जाता है। वर्ष 2013 में केंद्रीय पर्यावरण,

**डॉ. रमेश ठाकुर**

वन एंव जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने विशेष रूप से इस तिथि को चुना था। इसे1730 में हुए ऐतिहासिक ह्यखेजरली नरसंहारह्न के साथ भी जोड़ा जाता है। ताकि लोग उस घटना को याद कर सकें। खेजड़ली नरसंहार भारतीय इतिहास की एक ऐसी घटना है जिसे कोई भूल नहीं सकता। घटना बिश्नोई समुदाय से जुड़ी है जिनके सदस्यों ने मारवाड़ साम्राज्य में पेड़ों की रक्षा के लिए अपने प्राणों की बलि दे दी थी। उनके 363 सदस्यों ने महाराजा अभय सिंह राठौर के आदेश पर खेजड़ी के पेड़ों को कटने से बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे। पेड़ों के प्रति उनका ऐसा बलिदान, जिसे सुनकर लोगों की आज भी रूह कांप उठती है।

वनों की मौजूदा स्थिति पर गौर करें तो करीब एक तिहाई जंगली हिस्सा इंसानों ने अपनी जरूरतों के लिए रौंद दिया है। भारत में वनों और वृक्षों का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल अब 7,13,789 वर्ग



किलोमीटर है जिसमें 2.91 प्रतिशत क्षेत्र में वृक्ष की बहुतायत है। आज का खास दिन जनमानस को वन संपदा और जंगली जानवरों की रक्षा के लिए जागरूक करने को समर्पित है। क्योंकि जिस हिसाब से वनों की कटाई और जानवरों की तस्करी हो रही है, उससे लगता है कि आने वाली पीढ़ियां कहीं इन कुदरती उपहारों से वंचित न हो जाएं। तभी ये दिवस हमारे प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व की तरह मार्मिक याद दिलाता है। साथ ही उन वन रक्षकों, रेंजरों और अधिकारियों-कर्मचारियों को श्रद्धांजलि भी देता है जो भारतीय वनों के संरक्षण-संरक्षण के लिए अपना सारा जीवन समर्पित कर चुके हैं और कर रहे हैं।

सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो जंगलों से करीब 7,204 मिलियन टन कार्बन स्टॉक अर्जित होता है जिसमें बीते 3 वर्षों में 79.4 मिलियन टन की वृद्धि दर्ज हुई है। कार्बन स्टॉक में वार्षिक वृद्धि 39.7 मिलियन टन बताई गई है। ये तब है जब कई राज्यों में वन सिमट गए हैं। दुख इस बात का है कि वनीय क्षेत्र में मानवीय हिमाकतें धड़ल्ले से जारी हैं, उन्हें रोका जाना चाहिए। क्षेत्रफल के हिसाब से, मध्य प्रदेश ही वन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र आते हैं। फिर शीर्ष पांच राज्यों में मिजोरम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मणिपुर और नगालैंड शामिल हैं। ये राज्य आज भी वन संपदा से लबरेज हैं। देश के यूटी राज्य तो वनहीन हैं। दिल्ली, चंडीगढ़ जैसे प्रदेशों में जंगलों का नामोनिशान तक नहीं हैं।

भारत के टाइगर रिजर्व, कॉरिडोर और शेर संरक्षण क्षेत्र में जिन तकनीकों से वनावरण किया जा रहा है, ये तकनीक अभी तक सफल रही है। देश में वन और वृक्ष संसाधनों पर बनी पुरानी नीतियों, योजनाओं को दीर्घकालिक प्रबंधन में तब्दील करके नई धार देने की आवश्यकता है। वनों की रक्षा डिजिटल और आधुनिक किए जाने की दरकार है। मानव जीवन में वनों की महत्वपूर्ण भूमिका और उसकी सुरक्षा कैसे की जाए, इसकी आज ज्यादा से ज्यादा जागरुकता फैलाने की दरकार है। केंद्रीय वन मंत्रालय द्वारा आज विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के लिए जो कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, उनमें लोगों को बताना चाहिए कि उनके अभियान से आमजन कैसे जुड़े और कैसे अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करें, क्योंकि बिना जागरुकता लाए, सफलता नहीं मिल सकती।

गांव-देहातों की पाठशाला, स्कूल, कॉलेज और सामुदायिक केंद्रों में वनों के महत्व, वन्यजीव संरक्षण और वन शहीदों द्वारा किए गए बलिदान के विषय में युवा पीढ़ी को नियमित रूप से शैक्षिक कार्यक्रम, सेमिनार और कार्यशालाओं के जरिए जागरूक करते रहना चाहिए। मात्र एक दिनी जागरूक कार्यक्रम से बात नहीं बनने वाली। सरकारी स्तर पर पौधरोपण अभियान तो पूरे साल ही चलते रहना चाहिए। हम सभी को अपने बच्चों के साथ प्रकृति से जुड़ने, उसकी सुंदरता को करीब से निहारने और प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के महत्व पर विचार करने के लिए नजदीकी वन, राष्ट्रीय उद्यान या वन्यजीव अभयारण्य में साल में किसी एक दिन जरूर जाना चाहिए।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ऐसे हुई थी मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग की स्थापना

## अध्यात्म

जब भी हम किसी शिव मंदिर में दर्शन व पूजन करने के लिए जाते हैं, तो वहां पर सिर्फ भगवान शिव विराजमान होते हैं। जैसा कि हम सभी को मालूम है कि देशभर में 12 ज्योतिर्लिंग है। हर एक ज्योतिर्लिंग की अपनी कहानी और मान्यता है। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसे ज्योतिर्लिंग के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां शिवलिंग पर भगवान शिव के साथ मां पार्वती की भी पूजा की जाती है। दरअसल, इस ज्योतिर्लिंग का नाम मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग है। बता दें कि मल्लिकार्जुन शब्द में मल्लिका का अर्थ है मां पार्वती और अर्जुन का अर्थ है भगवान शिव से हैं। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि इस ज्योतिर्लिंग के नाम से ही स्पष्ट होता है कि यह मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग मां पार्वती और भगवान शिव का है। ऐसे में हम आपको इस ज्योतिर्लिंग के बारे में कुछ रोचक बातों के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यह भी जानेंगे कि इसकी स्थापना कैसे हुई थी। मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग दूसरा ज्योतिर्लिंग है। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले श्रीशैलम नामक पर्वत पर स्थित है। यह भगवान शिव को समर्पित प्राचीन और फेमस तीर्थस्थल है। भगवान गणेश और कार्तिकेय स्वामी की इस ज्योतिर्लिंग की स्थापना से जुड़ी एक रोचक कथा है।

भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय और श्री गणेश हैं। जब कार्तिकेय और गणेश जी विवाह के योग्य हुए। तो मां पार्वती और भगवान शिव ने दोनों की शादी कराने की सोची। ऐसे में भगवान शंकर ने गणेश और कार्तिकेय को बुलाया और उनके विवाह के बारे में बताते हुए शर्त बताई। भगवान शिव ने दोनों को शर्त बताते हुए कहा कि जो भी इस संसार की पहले परिक्रमा करके वापस आएगा, वह पहले उस पुत्र की शादी कराएंगे। यह सुनकर कार्तिकेय स्वामी अपने वाहन मोर पर सवार होकर संसार की परिक्रमा लगाने चले गए। वहीं भगवान गणेश का वाहन मूषक था, ऐसे में वह सोचने लगे कि वह कार्तिकेय से पहले संसार की परिक्रमा कैसे कर पाएंगे। ऐसे में उन्होंने अपने माता-पिता यानी की भगवान शिव और मां पार्वती की परिक्रमा कर ली। भगवान गणेश ने कहा कि उनके लिए तो शिव-पार्वती ही पूरा संसार हैं। गणेश की बात सुनकर भगवान शिव और मां पार्वती अत्यंत प्रसन्न हुए और गणेश जी का पहले विवाह करा दिया। वहीं जब कार्तिकेय जी वापस आए, तो उन्होंने देखा कि श्रीगणेश का विवाह संपन्न हो चुका है।

## आपके पत्र

### हिंसक तत्वों पर लगाम लगाना जरूरी

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और मर्डर के मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु अगर निराश हैं, तो समझ सकते हैं कि हालात कितने बुरे हैं। राष्ट्रपति का कहना है कि देश के लोगों का गुस्सा जायज है और वह भी गुस्से में हैं। लेकिन इस गुस्से को जाहिर करने के लिए पश्चिम बंगाल में प्रदर्शन के दौरान जिस तरह की हिंसक घटनाएं हुईं, वे कम निराशाजनक या चिंताजनक नहीं। राज्य में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस हो या विपक्ष की बीजेपी, दोनों ही पार्टियां महिलाओं की सुरक्षा चाहती हैं। फिर टकराव की स्थिति कैसे बन गई? इसका सीधा-सा जवाब है पॉलिटिक्स। महिलाओं पर होने वाले अत्याचार को राजनीति का मुद्दा न बनाने की अपील करने वाले नेता भी अपनी जरूरत के मुताबिक बड़े आराम से इसे राजनीति का रंग दे देते हैं। बंगाल में यही हो रहा है।

**संदीप कुमार, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

पतना में जन शिकायत समाधान शिविर कार्यक्रम का हुआ आयोजन,दर्जनों मामलों का हुआ निष्पादन

# जन समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता : एसडीपीओ

मेट्रो रेज

**साहिबगंज/पतना :** झारखंड पुलिस द्वारा सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 10 सितम्बर को किये जाने के निर्देश दिए गए थे जिसके अनुरूप मंगलवार को पतना प्रखण्ड परिसर में बरहरवा अनुमंडल पुलिस अंतर्गत जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिस दौरान कार्यक्रम में बरहरवा,रांगा, कोटालपोखर व बरहेट थाना क्षेत्रों से लोग अपने अपने समस्याओं के समाधान हेतु कार्यक्रम में शामिल हुए तत्पश्चात अपने अपने थाना क्षेत्र के थाना प्रभारियों से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया,कार्य्रकम को लेकर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मंगल सिंह जमुदा ने बताया कि जन शिकायत समाधान शिविर कार्यक्रम के दौरान कुल 48 शिकायत दर्ज किया गया, जिसमें ज्यादा से ज्यादा मामलों का निष्पादन तत्काल कर लिया गया एवं जिन मामलों का तत्काल




निष्पादन नहीं किया जा सका उन मामलों को लेकर थाना प्रभारीयों व सम्बंधित पदाधिकरियों को छानबीन कर जांचोपरांत एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही कार्यवाही के निर्देश दिए गए है,वहीं जिन मामलों का निपटारा अन्य विभागों जैसे प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी व नगर पंचायत से सम्बंधित है वैसे मामलों का प्रतिवेदन प्रखण्ड,अंचल,नगर पंचायत के पदाधिकारियों को समर्पित की जाएगी एवं सभी मामलों का निष्पादन समयबध्द तरीके से करने का प्रयास किया जाएगा। एसडीपीओ श्री जमुदा ने कहा कि जंनसमस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है। झारखंड पुलिस द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन एक अनूठी पहल है जिससे आम लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस पदाधिकारियों से आपसी समनव्यव बनाते हुए समाधान कराने का मौका मिल रहा है,और लोगों में जागरूकता लाने का भी प्रयास किया जा रहा है ताकि लोग खुलकर अपनी समस्याओं को लेकर पुलिस के पास पहुँचे और उचित मापदंडों के आधार पर समय समाधान पा सके,मौके पर बरहरवा अनुमंडल पुलिस पदाधिकरी मंगल सिंह जमुदा,बरहरवा प्रभाग के पुलिस निरीक्षक सधीर कुमार पोद्दार, बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह, रांगा थाना प्रभारी अखिलेश कुमार यादव, कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान, बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार,पु.अ.नि कुमार गौरव, पु.अ.नि.अमित कच्छप, एएसआई रामानुज यादव, एएसआई वीणा कुमारी, एएसआई नेल्सन टोपनो दल बल के साथ सभी थानों के पदाधिकारीगण व सुरक्षा कर्मी गण उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने शिबु सोरेन कॉलेज बिचपुरा के ऑडिटोरियम में ग्रामीणों से किया संवाद

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :** जिलान्तर्गत शिबु सोरेन कॉलेज बिचपुरा के ऑडिटोरियम में ग्रामीणों के साथ संवाद कार्यक्रम का माननीय राज्यपाल संतोष गंगवार उपायुक्त साहिबगंज हेमंत सती पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह,और सचिव शासी निकाय-सह-पूर्व विधायक बोरिया लोबिन हेंब्रम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज साहेबगंज जिलान्तर्गत शिबु सोरेन कॉलेज, बीचपुरा के ऑडिटोरियम में ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए कहा कि हाल ही में उन्होंने इस राज्य में नई जिम्मेदारी संभाली है। राज्य के विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों को समझने और वहाँ के लोगों से संवाद करना आवश्यक है। इस संवाद से यह ज्ञात होता है कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का कार्यान्वयन किस प्रकार हो रहा है। इसके साथ ही, संवाद के माध्यम से लोगों की समस्याओं और सुझावों को भी जानने का अवसर मिलता है।राज्यपाल महोदय ने कहा कि देश को आजादी मिले लंबे समय हो गए हैं और अब भी यह देखना महत्वपूर्ण है कि क्या सभी को सरकार द्वारा पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हैं। उन्होंने सरकार की प्रमुख योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत कई परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन दिए गए



हैं। दूषित जल से होने वाली बीमारियों पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शुद्ध पेयजल की समस्या अधिक गंभीर है और इसके समाधान के लिए सरकार जल जीवन मिशन के तहत निरंतर प्रयास कर रही है।राज्यपाल महोदय ने बताया कि आवास योजनाओं के लिए सरकार के पास पर्याप्त संसाधन उपलब्ध हैं और आवास निर्माण का कार्य भी तेजी से हो रहा है। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।और इस योजना से लाभान्वित लोगों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इसके अलावा, उन्होंने दिव्यांग और वृद्धा पेंशन योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त करने की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली।राज्यपाल के समक्ष स्वंय सहायता समूह की एक सदस्य ने बताया कि उनके समूह में लगभग 300 महिलाएं जुड़ी हुई हैं, जो खेती के साथ-साथ विभिन्न अन्य कार्यों में संलग्न हैं। इन समूहों की महिलाएं किराना दुकान, श्रृंगार सामग्री, पत्तल और पापड़ बनाने, मल्टीग्रेन आटा, अचार बनाने, और सिलाई जैसे कार्यों से प्रतिमाह लगभग 10,000 रुपये की आय अर्जित कर रही हैं। राज्यपाल ने इन महिलाओं के आत्मनिर्भरता के प्रयासों की सराहना की और कहा कि वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हुए समाज के लिए एक प्रेरणा हैं। समूह की एक और सदस्य ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ भी लोगों को मिल रहा है, और बैंक से फर्स्ट और सेकंड लिंकेज के तहत भी सहायता प्राप्त हो रही है। एक अन्य व्यक्ति ने पहाड़िया जनजातियों के लिए चल रही मशरूम योजना के सफल होने की जानकारी दी और बताया कि रिटेल आउटलेट के माध्यम से लोगों को इसका और अधिक लाभ मिलने की संभावना है। राज्यपाल महोदय द्वारा विभिन्न लाभुकों के मध्य परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया। उन्होंने कहा कि जनमानस के विकास के सभी आवश्यक प्रयास किये जायेंगे।राज्यपाल जिला के बरहेट स्थित पंचकठिया में वीर शहीद सिदो कान्हू की स्मृति में निर्मित क्रांति स्थल पर जाकर हूल क्रांति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने साहिबगंज जिला के बरहेट स्थित पंचकठिया में वीर शहीद सिदो कान्हू की स्मृति में निर्मित क्रांति स्थल पर जाकर हूल क्रांति के अमर महानायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में उनके अद्वितीय योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि सिदो-कान्हू की वीरता और साहस हमारे देश के इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है, जो आने वाली पीढ़ियों को प्रेरणा देता रहेगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज सिदो कान्हू मुर्मु पार्क, भोगनाडीह, बरहेट, साहेबगंज में अमर शहीद सिदो- कान्हू, चाँद-भैरव और फूलो-झानों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर राज्यपाल महोदय ने शहीदों के परिजनों से भेंट की। वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग , परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी साहिबगंज अंगार नाथ स्वर्णकार, प्राचार्य वशिष्ठ नारायण ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक नजरुल इस्लाम एवं जिला स्तरीय और प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारी -कर्मी उपस्थित थे।

# द प्रेस क्लब ऑफ देवघर की नई टीम का शपथ ग्रहण



मेट्रो रेज

**देवघर :** द प्रेस क्लब ऑफ देवघर की नई कमेटी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को हुआ. समोरोह में निर्वाचित अध्यक्ष अमर नाथ पाठक,उपाध्यक्ष अनलकांत मिश्रा, सचिव राजेश कुमार, संयुक्त सचिव शिवम मिश्र व अनूप कुमार राय, कोषाध्यक्ष अरुण केसरी, सह कोषाध्यक्ष पप्पू कुमार यादव व कार्यकारिणी सदस्यों को प्रमाणपत्र सौंपा गया. कार्यकारिणी सदस्यों में अनिता चौधरी, उपेंद्र कुमार, ललित भारती, मो. मिनाज उद्दीन अंसारी, मॅ इम्तियाज, युगल यादव, गौरव कुमार जायसवाल, राजा यादव, संजय यादव, परमजीत कुमार व जीतन कुमार शामिल हैं. उपाध्यक्ष रणजीत कुमार का प्रमाणपत्र उनके प्रतिनिधि राजकुमार वर्णवाल को दिया गया. सभी सदस्यों ने पत्रकारों के हित में अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करने का संकल्प लिया. समारोह में बतौर मुख्य अतिथि रिटायर्ड जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अधिवक्ता चंद्रशेखर पांडे शरीक हुए. मौके पर चुनाव समिति के सदस्य अशोक वर्णवाल, बम शंकर वाजपेयी, राज कुमार शर्मा, अनंत झा, बैद्यनाथ यादव आदि उपस्थित थे।

## चुनाव परिणाम

पिछले 8 अगस्त को हुए द प्रेस क्लब ऑफ देवघर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर डॉ. अमरनाथ पाठक (74 मत) विजयी हुए थे. अध्यक्ष पद के अन्य उम्मीदवारों में चंद्र विजय प्रसाद चंदन को 48 मत, जेम्स कुमार नवाब को 17, दीप नारायण को 11, धनंजय राणा को 2, शैलेंद्र कुमार मिश्रा को 23, व संजीत कुमार मंडल को 44 मत मिले थे. उपाध्यक्ष पर अनलकांत मिश्रा (133 मत) व रंजीत कुमार (99 मत) विजयी हुए थे. इस पद के अन्य उम्मीदवारों में विजय कुमार राय को 43 मत, ताले मोनाजिर को 98 व भवेश कुमार मंडल को 30 मत मिले थे. सचिव पद पर राजेश किशोर (108 मत) वियये हुए थे. इस पद के अन्य उम्मीदवारों में उत्तम आनंद वत्स को 84 व सुनील कुमार को 19 मत मिले थे. संयुक्त सचिव के दो पदों के चुनाव में शिवम मिश्रा (123 मत) व अनूप कुमार राय (80 मत) विजयी हुए थे. अन्य उम्मीदवारों में सुनील कुमार को 61 मत, उमेश कुमार यादव को 63 व भवेश कुमार मंडल को 65 मत मिले थे. कोषाध्यक्ष पद पर अरुण केशरी (92 मत) विजयी हुए थे. अन्य उम्मीदवारों में शेखर सुमन को 65, शत्रुघ्न प्रसाद काक 47 व विजय कुमार सिन्हा को 38 मत मिले थे।

# लाभार्थियों को किया गया लाभान्वित

मेट्रो रेज

**साहिबगंज :**आपकी योजना -आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम को पंचायत एवं वार्डों में शिविर किया जा रहा है यह कार्यक्रम आगामी 15 सितंबर तक चलेगा।बरहेट प्रखण्ड के सिमडा. पंचायत, तलबडिया पंचायत भवन, बरहरवा प्रखण्ड के कोटालपोखर पंचायत, बड़ा सोनाकर उत्क्रमित विद्यालय बड़ा सोनाकर, उधवा प्रखंड में राधानगर, उत्तर बेगमगंज पंचायत भवन, तालझारी प्रखण्ड के सालगाछी संथाली पंचायत, बोरियो प्रखण्ड के पोआल, बीरबल कांदर पंचायत, मंडरो प्रखण्ड के अंबाडीहा पंचायत, पतना प्रखण्ड के शहरी पंचायत, साहेबगंज प्रखण्ड के हाजीपुर पू0 पंचायत भवन, राजमहल प्रखण्ड के पशिचम जामनगर पंचायत, पशिचम नारायणपुर में शिविर का आयोजन किया गया।आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है कि सरकार की पहुंच समाज के अंतिम व्यक्ति तक हो। सरकार द्वारा संचालित की जा रही कल्याणकारी योजना से लोग लाभान्वित हों, ग्रामीणों की आय में बढ़ोतरी हो और उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो।जिला प्रशासन जनता के हितों के कार्य के लिए दृढ़ संकल्पित है एवं

## यह कार्यक्रम आगामी 15 सितंबर तक चलेगा



जनता की समस्या का निपटारा करने एवं उन्हें योजनाओं का लाभ देने के लिए पूरी तरह प्रयासरत है।शिविर में इन विभिन्न गतिविधियों का हुआ संपादन।आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के जरिए आमजनों को राज्य सरकार की सभी लोक कल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ ही इसके तहत झारखंड मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नये ग्रीन राशन कार्ड, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के लिए आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए आवेदनों, किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी के लिए आवेदन समेत अन्य योजनाओं का लाभ सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर जांच के बाद दिया जायेगा। आपकी योजना -आपकी सरकार- आपके द्वारर् कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के तहत आज जिला के विभिन्न शिविरों में अपराह्न 05:00 तक विभिन्न योजनाओं से संबंधित कुल 127020 आवेदनों का ऑनलाइन किया गया। जिसमें अन्य फॉर्म 17523, अबुआ आवास योजना कुल 84284, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना कुल 1856, आधार कार्ड संशोधन कुल 427, आय प्रमाण पत्र कुल 103, आय प्रमाण पत्र में संशोधन कुल 08, आयुष्मान कार्ड का वितरण कुल 1340, आवासीय प्रमाण पत्र कुल 137, कंबल वितरण मे कुल 27, जन्म प्रमाण पत्र में संशोधन कुल 02, जाति प्रमाण पत्र कुल 202,, धोती साड़ी लूंगी वितरण कुल 6217, बिजली बिल में संबंधित शिकायत कुल 25, मृत्यु प्रमाण पत्र में संशोधन में कुल 02, राजस्व अभिलेख में संशोधन में कुल 55, राशन कार्ड में संशोधन कुल 1809, विकलांगता पेंशन कुल 71, वृद्धा पेंशन कुल 2318, विधवा पेंशन कुल 120, व्यक्तिगत वन पट्टा में कुल 01, सर्वजन पेंशन योजना कुल 7841, सामुदायिक वन पट्टा में कुल 06, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित कुल 2646 आवेदनों का ऑनलाइन किया गया। जिसमें 3355 आवेदन को त्वरित निष्पादित किया गया।

## मंत्री ने तीनों मृतक बच्चों के परिजनों से की मुलाकात

**लातेहार :** स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम बालूमाथ दौरे के क्रम में प्रखंड के नगड़ा ग्राम पहुंचे. यहां उन्होंने मृतक बच्चों के परिजनों से मुलाकात की और इस विपत्ति की घड़ी में धैर्य से काम लेने को कहा. मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा कि यह घटना ह्रदयविदारक है. वे परिजनों के साथ खड़े हैं. उन्होंने अपने समर्थकों को पीड़ित परिवार का ख्याल रखने और कोई परेशानी होने पर उन्हें तुरंत सूचित करने का निर्देश दिया. मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, झामुमो जिला सचिव समशुल होदा, जावेद अख्तर, मो इमरान, एश्वर्य उरांव आदि मौजूद रहे.

**रेलवे ट्रैक किनारे पानी भरे गड्ढे में डूबने से हुई थी तीनों मासूमों की मौत**

बता दें कि गत शुक्रवार बालूमाथ थाना क्षेत्र के नगड़ा गांव के पास खेलने के दौरान पानी से भरे गड्ढे में डूबने से तीन बच्चों की मौत हो गयी थी. टोरी शिवपुर रेल लाइन निर्माण करा रही कंपनी के उपयोग के लिए गड्ढा कर मिट्टी निकाली गयी थी. मिट्टी निकालने के बाद गड्ढे को संवेदक ने यूं ही छोड़ दिया गया था. गड्ढा काफी गहरा था और बारिश के कारण उसमें पानी भी भरा हुआ था. खेल-खेल में नगड़ा गांव के सरजू पाहन के पुत्र सूरज कुमार, कृष्णकान्त का पुत्र भोलू कुमार और राजेश का पुत्र रिशु कुमार गड्ढे में गिर गये और गहरे पानी में डूब गये।

## न्यूज IN ब्रीफ

### स्टेशन से छिनतई के अभियुक्त को रेल थाना पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल



**साहिबगंज/बरहरवा/मेट्रो रेज :** बरहरवा रेल थाना पुलिस ने एक चेन झपटमार को गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार बरहरवा रेल थाना कांड संख्या 42/24 दिनांक 10 सितम्बर के अभियुक्त मोरु शेख 24 वर्ष साकिन-धोबिपोखर थाना-बरहरवा जिला-साहेबगंज को बरहरवा जीआरपी रेल थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।पुलिस ने बताया कि इस कांड में अभियुक्त मोरू शेख द्वारा चलती ट्रेन में गुमानी स्टेशन के पास एक महिला का सोने की चेन झपट्टा मार कर दिनांक 1.6.24 को छीन लिया गया था।छीनने के क्रम में अभियुक्त का मोबाइल गिर गया।उक्त मोबाइल में अभियुक्त के पत्नी के नाम का सिम लगा था। इसी आधार पर छानबीन जांचोपरांत अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता मिली।गिरफ्तार अभियुक्त ने स्वीकार किया कि झपटमारी कर छीनतई किये गए सोने की चेन को अभियुक्त द्वारा बबुआ नामक अपराधी साकिन तीनपहाड़ के हाथों 40000 चालीस हजार रुपये में बेच दिया गया है।इधर पुलिस बबुआ नामक अपराधी के विरुद्ध छापामारी की परन्तु वो फरार पाया गया है,रेल थाना पुलिस ने कहा जल्द ही उक्त अपराधी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### बड़ी संख्या में केंद्र में पहुंचे लोगों ने समस्याओं के समाधान को लें लगाई गुहार




**साहिबगंज/मेट्रो रेज :** राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में झारखंड पुलिस ने एक नई पहल करते हुए राज्यव्यापी कार्यक्रम के तहत साहिबगंज में तीन स्थानों पर जन समाधान केंद्र का आयोजन हुआ । साहिबगंज के टाउन हॉल में आयोजित जन समाधान केंद्र शिविर का उद्घाटन संथाल परगना के आईजी क्रांति कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस पर आईजी ने बताया कि झारखंड पुलिस की ओर से यह बेहद अनूठी पहल की जा रही है।राज्य के 24 जिलों में जन शिकायत निवारण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत साहिबगंज जिला में तीन स्थान टाउन हॉल साहिबगंज टाउन हॉल राजमहल और पतना प्रखंड में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से आम जनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हर जिले में एक मोबाइल नंबर, एक व्हाट्सएप नंबर और एक ईमेल आईडी जारी किया गया है। जिसमें लोग किसी भी प्रकार की शिकायत जैसे कि ड्रग्स महिलाओं से संबंधित, रंगदारी और ऐसे मामले जिसमें थाने में कार्रवाई नहीं हो रही है, उसकी शिकायत कर सकते हैं। वे पुलिस से संबंधित किसी भी मामले की शिकायत इन मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप और ईमेल या सोशल मीडिया के जरिए कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता को जांच पदाधिकारी के नंबर भी उपलब्ध कराए जाएंगे ताकि वे अपने मामले की फीडबैक ले सके। मौके पर टाउन हॉल में विभिन्न स्थानों मसलन नगर थाना,जिरुआ बड़ी और मुफस्सिल थाना सहित अन्य थाना की ओर से भी मामले की शिकायत को लेकर कैंप लगाया गया था। वही कार्यक्रम में मौजूद आईजी ने स्वयं कई शिकायतों को खुद से सुनकर इस संबंध में करने की बात कहीं।

### श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति की बैठक संपन्न, दुर्गा-पूजा की तैयारियों को लेकर चर्चा



**लातेहार/मेट्रो रेज :** श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर समिति, लातेहार की बैठक मंदिर परिसर में आयोजित की गयी. संरक्षक विनोद कुमार साहू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में सामुहिक सहयोग से इस बार भी धूमधाम से दुर्गा-पूजा मनाने का निर्णय लिया गया. बैठक में दुर्गा-पूजा की तैयारियों की समीक्षा की गयी. साथ ही कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गयी. बैठक में पूजा, चंदा क्लेक्शन, टेंट व लाइट, साउंड और साज-सज्जा के लिए सभी में दायित्वों का बंटवारा किया गया. अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता (भोला) ने सभी दायित्वों को पूरी निष्ठा व लगन से निभाने का आग्रह किया. सचिव आशीष टैगोर ने बताया कि माता की प्रतिमा चतरा के मूर्तिकार किशोर राय बना रहे हैं.

**बैठक में कमरों के सुंदरीकरण कार्य की भी की गयी समीक्षा**

समिति की बैठक में मंदिर के ऊपरी तल्ले के कमरों के सुंदरीकरण कार्य की भी समीक्षा की गयी. टैगोर ने बताया कि कुल पांच लोगों ने एक-एक कमरे के सुंदरीकरण का खर्च वहन करने की सहमति दी थी. लेकिन अभी तक मात्र एक ही कमरे के लिए सहयोग राशि मिली है. समिति ने अन्य सहयोगदाताओं से सहयोग राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया. बैठक में संरक्षक त्रिभुवन पांडेय, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष शशिभूषण पांडेय, कन्हाई प्रसाद अग्रवाल, अजीत सिन्हा, रविंद्र प्रजापति, दीपक विश्वकर्मा, पंकज प्रसाद, संजय प्रसाद, संतोष दुबे, उज्जवल कुमार छोटू, आकाश कुमार जायसवाल, राजू अग्रवाल, पुजारी रामेश्वर पांडेय व पारितोष ठाकुर आदि मौजूद रहे.

# 'जिगरा' डायरेक्टर ने श्रद्धा से मांगी माफी

**बॉलीवुड** एक्ट्रेस आलिया भट्ट इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'जिगरा' को लेकर सुर्खियों में हैं। आलिया की फिल्म 'जिगरा' का टीजर हाल ही में रिलीज हुआ था। इस फिल्म में आलिया के साथ 'द आर्चीज' के वेदांग रैना मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का टीजर हर किसी का ध्यान खींचता नजर आ रहा है। इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर को एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर के फैंस से माफी मांगनी पड़ी है। अब नेटिजन्स यह जानने के लिए उत्सुक हैं कि वास्तव में ऐसा क्या हुआ, जिसके कारण उन्हें माफी मांगनी पड़ी। फिल्म 'जिगरा' में वेदांग किसी वजह से जेल चला जाता है और आलिया उसे बचाने के लिए अपनी जान की बाजी लगा देती है। 'जिगरा' का निर्देशन वासन बाला ने किया है। वासन की 'जिगरा' का टीजर देखने के बाद अब फैंस फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इसी बीच अब वासन बाला ने अपने एक पोस्ट के लिए श्रद्धा कपूर से माफी मांगी है। फिल्म 'जिगरा' का टीजर रविवार 8 सितंबर को रिलीज किया गया। 'स्त्री 2' की एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर ने इस टीजर की तारीफ की। श्रद्धा ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर



फिल्म 'जिगरा' का टीजर शेयर किया है। इस टीजर को शेयर करते हुए उन्होंने आलिया भट्ट की तारीफ की है। उन्होंने कहा, 'मैं इस फिल्म को अपने भाई के साथ सिनेमाघर में देखना चाहती हूं।' श्रद्धा ने आगे आलिया की तारीफ करते हुए कहा, 'आलिया भट्ट अद्भुत हैं.. वासन बाला एक बेहतरीन टीजर है।' श्रद्धा की पोस्ट देखते ही वासन बाला नेटिजन्स के निशाने पर आ गए। नेटिजन्स ने श्रद्धा को याद दिलाया कि जब वासन ने 'स्त्री 2' के लिए पोस्ट शेयर किया था, तो उन्होंने उन्हें पोस्ट में टैग नहीं किया था लेकिन इसके बावजूद श्रद्धा ने 'जिगरा' की सराहना की।

## निर्देशक ने माफी मांगी

श्रद्धा कपूर की पोस्ट वायरल होने के कुछ ही घंटों के भीतर वासन बाला ने इसे दोबारा पोस्ट किया। इसके साथ ही उन्होंने सोशल मीडिया पर श्रद्धा कपूर से माफी भी मांगी। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर श्रद्धा का पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'बहुत-बहुत धन्यवाद श्रद्धा। आशा है कि आपको और सिद्धांत को यह फिल्म पसंद आएगी और इसका इससे कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन मैं इस अवसर पर आपसे माफी मांगता हूं। इसका कैप्शन दिया गया, 'गलती के लिए खेद है।'

## आलिया ने किया रिएक्ट

श्रद्धा की पोस्ट के बाद आलिया भट्ट ने भी रिएक्ट किया है। आलिया ने अपनी इंस्टा स्टोरी पर एक पोस्ट शेयर किया जिसकी श्रद्धा ने सराहना की। पोस्ट शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, 'हा हा हा धन्यवाद मेरी ब्लॉकबस्टर महिला। 'जिगरा' 11 अक्टूबर 2014 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।' अब इस फिल्म का सभी को बेसब्री से इंतजार है। क्योंकि इस फिल्म में आलिया और वेदांत नजर आएंगे।

## रश्मिका का हुआ था एक्सीडेंट एक्ट्रेस ने पोस्ट फैंस को दी जानकारी



**कई** फिल्मों में काम कर चुकीं अभिनेत्री रश्मिका को फिल्म पुष्पा से प्रसिद्धि मिली है। रश्मिका अब पुष्पा-2 को लेकर चर्चा में हैं। इसी बीच रश्मिका के फैंस के लिए एक चिंताजनक खबर आई है। रश्मिका ने अपने एक एक्सीडेंट की खबर सोशल मीडिया पर अपने फैंस के साथ शेयर की है। पोस्ट के अनुसार पिछले महीने रश्मिका एक्सीडेंट हुआ था। इस पोस्ट से रश्मिका ने अपना हेल्थ अपडेट दिया है। रश्मिका ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर किया है। इस फोटो को शेयर करते हुए उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, ₹नमस्ते, आप कैसे हैं? पिछले कुछ दिनों से मैं सोशल मीडिया पर या सार्वजनिक रूप से भी सक्रिय नहीं हूं। इसका कारण यह था कि मेरे साथ एक छोटी सी दुर्घटना हो गई थी। डॉक्टर ने मुझे जल्दी ठीक होने के लिए घर पर रहने की सलाह दी थी। मैं अब ठीक हूं। अब जब मैं सक्रिय हो गई हूं, मुझे शुभकामनाएं दें। स्वयं की देखभाल हमेशा प्राथमिकता होनी चाहिए, क्योंकि जीवन बहुत छोटा है। हम यह नहीं कह सकते कि कल हमें खुशियां चुनने का मौका मिलेगा या नहीं।' रश्मिका के इस पोस्ट से फैंस परेशान हो गए हैं। फैंस ने उनकी पोस्ट पर कमेंट करते हुए रश्मिका को ध्यान रखने को कहा है। इसी बीच अभी दो दिन पहले ही रश्मिका को गणेशोत्सव के मौके पर आयोजित एक कार्यक्रम में देखा गया था। रश्मिका परली में धनंजय मुंडे के कार्यक्रम में शामिल हुईं।

## थलपति विजय की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड का आंकड़ा किया पार



**थलपति** विजय तमिल सिनेमा के एक प्रमुख अभिनेता हैं। विजय अब एक्टिंग छोड़कर हमेशा के लिए राजनीति में आ जाएंगे। इसकी घोषणा वह पहले ही कर चुके हैं। विजय उतनी ही फिल्में करने जा रहे हैं, जितनी उन्होंने इस घोषणा से पहले साइन की थीं। इसके बाद उन्होंने कहा है कि वह हमेशा के लिए एक्टिंग छोड़कर राजनीति में सेटल होने जा रहे हैं। हाल ही में थलापति की फिल्म गोट दर्शकों के सामने आई है। साउथ सिनेमा के एक्शन हीरो कहे जाने वाले एक्टर थलापति विजय की फिल्म गोट 5 सितंबर को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुई। फिल्म को जबरदस्त ओपनिंग मिली थी। इसके बाद इसकी कमाई में थोड़ी गिरावट आई लेकिन रविवार को एक बार फिर फिल्म ने अच्छी कमाई की। फिल्म ने पहले दिन दुनियाभर में 43 करोड़ की कमाई की। सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म गोट ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी सोमवार को 14 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसके बाद कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 151 करोड़ रुपये हो गया हो गया है। वही वर्ल्डवाइड 300 करोड़ क?लब में एंट्री कर चुकी है। विजय की इस फिल्म को सिर्फ तमिल ही नहीं बल्कि देशभर के दर्शकों का प्यार मिल रहा है। दर्शकों ने रिलीज से पहले ही फिल्म की प्री-बुकिंग कर ली। विजय की फिल्म को अमेरिका में भी दर्शकों से खूब रिस्पॉन्स मिल रहा है। इस फिल्म में थलपति विजय ने एक जासूस की भूमिका निभाई है। गोट यानी 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का निर्देशन वेंकट प्रभु ने किया है। इस फिल्म में थलापति विजय के साथ प्रभु देवा, स्नेहा, अजमल आमिर, वैभव, लैला, मोहन, अरविंद आकाश, अजय राज, मीनाक्षी चौधरी, योगी बाबू भी हैं। विजय की 'बकरी' को मिली दर्शकों की प्रतिक्रिया को देखते हुए संकेत मिल रहे हैं कि स्त्री 2 उसके बाद बॉक्स ऑफिस पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म होगी।

# एक्शन-थ्रिलर 'गांधारी' में नजर आएंगी एक्ट्रेस तापसी पन्नू



**'फिर** आए हसनी दिलरुबा' की अभिनेत्री तापसी पन्नू और लेखिका-निमार्ता कनिका ढिल्लन एक नई फिल्म के लिए फिर साथ आ रहे हैं। हाल ही में नेटफ्लिक्स ने सोशल मीडिया पर एक छोटा वीडियो शेयर कर फिल्म की आधिकारिक घोषणा की। फिल्म का नाम 'गांधारी' रखा गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म होगी। गांधारी अथक दृढ़ संकल्प से भरी एक दिलचस्प कहानी का वादा करती है। फिल्म में तापसी पन्नू एक मिशन पर एक उग्र मां की भूमिका निभाती नजर आएंगी। नेटफ्लिक्स द्वारा कथानक का वर्णन इस प्रकार किया गया है। इस फिल्म के लिए तापसी एक बार फिर लेखिका-निमार्ता कनिका ढिल्लों के साथ मिलकर काम कर रही हैं। अभिनेत्री ने कहा कि जब कनिका और मैं एक फिल्म पर काम करने के लिए एक साथ आते हैं तो एक विशेष प्रकार का जादू होता है। वह गांधारी के साथ नई भावनात्मक गहराइयों में उतर रही है। मैं इस भावुक  चरित्र का पता लगाने के लिए रोमांचित हूं। मैं एक ऐसी स्क्रिप्ट का इंतजार कर रहा हूं जो मुझे इसमें वापस लाएगी और मुझे नए तरीकों से चुनौती देगी। तापसी ने कहा, 'एक जासूस का किरदार निभाने के बाद मैं कुछ और गहराई की तलाश में थी। बदले की भावना से प्रेरित एक माँ की शक्तिशाली कहानी गांधारी को सही लगी। नेटफ्लिक्स और कथा पिक्चर्स के साथ सहयोग करने से हम बोल्ड, अनोखी और प्रभावशाली कहानियां बना सकते हैं। नेटफ्लिक्स के साथ काम करना हमेशा फायदेमंद रहा है, क्योंकि यह हमें व्यापक दर्शकों तक पहुंचने में सक्षम बनाता है जो फिल्म निर्माण के प्रति हमारे जुनून को शेयर करते हैं। अनुराग कश्यप की 'मनमर्जिया', 'हसीन दिलरुबा' और इसका सीक्वल 'फिर आई हसीन दिलरुबा', 'रश्मि रॉकेट' और राजकुमार हिरानी की 'गांधारी' भी तापसी और ढिल्लों के छठे सहयोग को चिह्नित करते हैं।

## डोसा किंग हर जगह के दर्शकों को लुभाने के लिए तैयार, अगली फिल्म का हुआ ऐलान

मेगास्टार रजनीकांत, अमिताभ बच्चन और फहद फासिल स्टारर 'वेट्टैयान' की बहुप्रतीक्षित रिलीज के बाद अब प्रशंसित निर्देशक टीजे ज्ञानवेल 10 अक्टूबर को जंगली पिक्चर्स की डोसा किंग के साथ एक और सिनेमैटिक मैग्नम ओपस लेकर आने को तैयार हैं। राजी जैसी पसंदीदा फि ल्में बनाने के लिए जाने जाने वाले, जंगली पिक्चर्स ने इस एपिक कहानी को बड़े पर्दे पर लाने के लिए ज्ञानवेल के साथ मिलकर काम किया है। टीजे ज्ञानवेल और हेमंत राव द्वारा लिखी गई ये पैन-इंडिया फिल्म जीवाजोती और पी. राजगोपाल के एपिक क्लैश से प्रेरित है, जो महत्वाकांक्षा, ताकत और न्याय की लड़ाई के लिए मंच तैयार करती है। जंगली पिक्चर्स ने इस कहानी के एक एक्सक्लूसिव और विस्तृत ऑन-स्क्रीन चित्रण के लिए जीवाजोती संथाकुमार के जीवन अधिकार हासिल किए हैं। जबरदस्त ड्रामा और एंटरटेनमेंट से भरपूर यह फिल्म बड़े पैमाने पर बनाई जाएगी। एक रेस्टोरेंट के मशहूर मालिक के चौंकाने वाले क्राइम से प्रेरित है, जिसे 'डोसा किंग' के नाम से जाना जाता है, जिसने 18 साल की कड़ी कानूनी लड़ाई पी. राजगोपाल बनाम तमिलनाडु राज्य के बाद एक ऐतिहासिक सजा पाई। इस फिल्म को अपने दिसचस्प नरेटिव और यादगार किरदारों के लिए मशहूर ज्ञानवेल बनाने जा रहे हैं, जो एक थ्रिलिंग केस से प्रेरित है। यह फिक्शनल ड्रामा उन घटनाओं को बयां करता है जो सरवण भवन के लेजेंडरी और ग्लोबली फेमस साम्राज्य के उत्थान और पतन से प्रेरित हैं।

# यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग के फ्रेंचाइजियों ने तीसरे सत्र के लिए रिटेन किए गए खिलाड़ियों की घोषणा की

एजेंसी

**फ्लोरिडा।** यूनाइटेड स्टेट्स प्रीमियर लीग के तीसरे सत्र की शुरूआत के उत्साह की बढ़ोतरी के साथ-साथ टीमों ने अपनी खिलाड़ी रिटेंशन रणनीतियों को अंतिम रूप दे दिया है। नवंबर में फ्लोरिडा के ब्रावर्ड काउंटी स्टेडियम में लीग के शुरू होने से पहले टीमों ने प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन कर लिया है। अमेरिका और वैश्विक क्रिकेट के कुछ बड़े नामों की वापसी के साथ इस सत्र में रोमांचक क्रिकेट और शीर्ष स्तर के प्रदर्शन की उम्मीद है।

स्टार खिलाड़ियों का रिटेंशन इस बात को दशार्ता है कि टीमें अपने वर्तमान खिलाड़ियों में कितना भरोसा करती हैं। वे प्रतिष्ठित यूएसपीएल खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने की तैयारी कर रही हैं। पांचों फ्रेंचाइजी-एनजे टाइटंस, न्यूयार्क काउबायज, मैरीलैंड मैवरिक्स, कैरोलिना ईगल्स और कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने अपनी कोर टीम को बनाए रखने के लिए रणनीतिक फैसले लिए हैं, जिससे आगामी सत्र के लिए निरंतरता और स्थिरता सुनिश्चित हो सके।

एनजे टाइटंस ने छह खिलाड़ियों को रिटेन किया है।




इनमें आलराउंडर हरमीत सिंह, विस्फोटक बल्लेबाज एंड्रीस गौस और अमेरिका के पूर्व कप्तान सौरभ नेत्रावल्कर भी शामिल हैं। ये खिलाड़ी पिछले सत्र में टीम के मजबूत प्रदर्शन के प्रमुख स्तंभ थे, और उनके रिटेंशन से यह स्पष्ट होता है कि टाइटंस अपनी इस लय को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

आक्रामक खेल के लिए प्रसिद्ध न्यूयार्क काउबायज ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जलाध दुआ, मुख्तार अहमद और तजिंदर सिंह ढिल्लों शामिल हैं। ये खिलाड़ी उस बल्लेबाजी क्रम की रीढ़ हैं जिसने पिछले सत्र में शानदार प्रदर्शन किया था।

वहीं, मैरीलैंड मैवरिक्स ने अनुभवी आलराउंडर ड्वेन स्मिथ, अमेरिकी खिलाड़ी नास्थुश केनजिगे, उभरते सितारे साईतेजा मुक्कामल्ला और नील ब्रूम को रिटेन किया है। इससे वे अपने अनुभव और कौशल का लाभ उठाते हुए एक और मजबूत अभियान की उम्मीद कर रहे हैं।

कैरोलिना ईगल्स ने गजनंद सिंह, केसरिक विलियम्स और शयान जहांगीर सहित छह प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन किया है। उनका यह निर्णय एक संतुलित दृष्टिकोण को दशार्ता है। इसमें बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में उत्कृष्ट खिलाड़ियों को बरकरार रखा गया है। इससे इस सत्र में एक शक्तिशाली प्रदर्शन की उम्मीद की जा सकती है।

कैलिफोर्निया गोल्डन ईगल्स ने पांच खिलाड़ियों को रिटेन किया है। इनमें उन्मुक्त चंद, चैतन्य बिश्नोई और जुनैद सिद्दीकी शामिल हैं। ये खिलाड़ी अपने निरंतर प्रदर्शन और मैदान पर नेतृत्व के लिए जाने जाते हैं।

यूएसपीएल के संस्थापक जयदीप सिंह ने कहा, 'हम इस सत्र में टीमों की ओर से रिटेन किए गए खिलाड़ियों के लेकर बेहद उत्साहित हैं। प्रमुख खिलाड़ियों को रिटेन करने का निर्णय इस बात को दशार्ता है कि फ्रेंचाइजी मजबूत और प्रतिस्पर्धी स्क्वाड बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस ठोस आधार के साथ तीसरा सत्र रोमांचक होने वाला है, जहां हमारे प्रशंसक मैदान पर और अपने मोबाइल और टीवी सेट पर हमारे साझेदार प्रसारकों और स्ट्रीमर्स के साथ उच्च गुणवत्ता का क्रिकेट देखेंगे।'

रिटेन किए गए खिलाड़ियों के साथ, प्रत्येक फ्रेंचाइजी आने वाली नीलामी में अपनी टीम को और मजबूत करने की उम्मीद कर रही है। इसमें विश्वभर के बड़े नाम भी शामिल होंगे और लीग में कई नई प्रतिभाओं को अवसर मिलेगा। प्रशंसक यूएसपीएल के तीसरे सत्र में फ्लोरिडा, मियामी के शानदार मैदानों पर प्रतिस्पर्धी क्रिकेट का शानदार सीजन देखने की उम्मीद कर सकते हैं।

## पूर्व मुख्य कोच इगोर के अनुबंध नवीनीकरण प्रक्रिया की स्वतंत्र जांच कराएगा एआईएफएफ

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने पूर्व मुख्य कोच इगोर स्टिमक के अनुबंध नवीनीकरण में अपनाई गई आंतरिक प्रक्रियाओं और इसमें शामिल कर्मियों की स्वतंत्र जांच की मांग की है। स्टिमक का अनुबंध 17 जून को समाप्त कर दिया गया था, जब एआईएफएफ के वरिष्ठ अधिकारियों ने क्रोएशियाई प्रबंधक के साथ एक आभासी बैठक की थी। अपने अनुबंध की समाप्ति के बाद स्टिमक ने फीफा फुटबॉल ट्रिब्यूनल के समक्ष 920,000 डॉलर का दावा दायर किया था। स्टिमक और एआईएफएफ ने हाल ही में क्रोएशियाई को मुख्य कोच के पद से हटाने के लिए मुआवजे के समझौते पर सहमति व्यक्त की। एआईएफएफ की कार्यकारी समिति ने सोमवार को हैदराबाद में एक बैठक की। बैठक के दौरान, सदस्यों ने महासंघ के अनुबंध के तहत दावों के नवीनीकरण, समाप्ति और अंतिम निपटान पर चर्चा की। एआईएफएफ ने एक बयान में कहा, 'यह देखते हुए कि पूर्व मुख्य कोच ने अंततः एआईएफएफ के साथ पूर्ण और अंतिम समझौता करने से पहले फीफा फुटबॉल ट्रिब्यूनल के समक्ष 920,000 डॉलर का दावा दायर किया था, सदस्यों ने 2023 में हेड कोच के अनुबंध को अस्वीकृत और प्रतिकूल शर्तों पर नवीनीकृत करने के दौरान शामिल कर्मियों के, जिसने अंततः एआईएफएफ को समझौता करने की स्थिति में छोड़ दिया, जिससे दावे के निपटान में महासंघ को महत्वपूर्ण वित्तीय नुकसान हुआ, आंतरिक प्रक्रियाओं की स्वतंत्र जांच की मांग की।' एआईएफएफ ने कहा, 'सदस्यों ने यह भी आशंका व्यक्त की कि कैसे एक पूर्व कर्मचारी, जो अब भारतीय फुटबॉल में किसी भी पद पर नहीं है, दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ और एशियाई फुटबॉल परिसंघ की विभिन्न समितियों में एआईएफएफ का प्रतिनिधित्व करना जारी रखता है और एआईएफएफ एक्ससीओ से इन निकायों को लिखने और इस तरह की प्रथाओं को रोकने के लिए कार्रवाई करने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान, भारत की अंडर 20 पुरुष राष्ट्रीय टीम को आई-लीग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भी चर्चा की गई और प्रस्ताव रखा गया। एआईएफएफ ने कहा, ₹एएफसी एशियाई कप 2026 और एशियाई खेलों 2026 में भागीदारी को ध्यान में रखते हुए, एआईएफएफ पहले से ही अच्छी तरह से तैयारी कर रहा है, हाल ही में एक अंडर 20 टीम को इकट्ठा किया गया है और निरंतर आधार पर प्रतिभाओं की खोज जारी रखेगा। यह प्रस्ताव इस विचार के साथ रखा गया है कि भारत की अंडर 20 टीम को आई-लीग में खेलने का मौका मिले ताकि प्रतिस्पर्धी खेल का समय मिले और पूरे साल मैच फिटनेस बनी रहे, क्योंकि आई-लीग का सीजन लंबा होता है। भारत की अंडर 20 राष्ट्रीय टीम को पदोन्नति-निर्धारण से छूट मिलेगी।

## ब्रुसेल्स डायमंड लीग फाइनल में भाग लेंगे नीरज चोपड़ा, अविनाश साबले




एजेंसी

**नई दिल्ली।** पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 13 और 14 सितंबर को बेल्जियम के ब्रुसेल्स में डायमंड लीग सीजन के फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे। उन्होंने स्टैंडिंग में चौथे स्थान पर रहने के बाद सीजन के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया। उन्होंने लुसाने और दोहा में शानदार प्रदर्शन किया और दोनों ही मुकाबलों में दूसरे स्थान पर रहे।

लुसाने डायमंड लीग में, उन्होंने 89.49 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि दोहा में, यह 88.36 मीटर था। एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में भाग लेंगे। हाल ही में, वे पोलैंड में सिलेसिया डायमंड लीग 2024 में 14वें स्थान पर रहे।

### पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा की अंतिम प्रविष्टि सूची

नीरज चोपड़ा (भारत), जेनकी रॉड्रिक डीन (जापान), आर्टट फेल्नर (यूक्रेन), टिमोथी हरमन (बेल्जियम), एंड्रियन माडेर्रे (मोल्दोवन), एंडरसन पीटर्स (ग्रेनेडा), जैकब वडलेज (चेक रिपब्लिक), जूलियन वेबर (जर्मनी)।

### पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज की अंतिम प्रविष्टि सूची

डैनियल आर्से (स्पेन), एबडेराफिया बौसेल (मोरक्को), सौफियान बक्काली (मोरक्को), सैमुअल फि रेवु (इथियोपिया), मोहम्मद अमीन झिनौई (ट्यूनीशिया), अब्राहम किबिवोट (सेंट किट्स और नेविस), विलबरफोर्स केमियाट कोन्स (सेंट किट्स और नेविस), अविनाश मुकुंद सेबल (भारत), अमोस सेरेम (सेंट किट्स और नेविस),अब्राहम सिमे (इथियोपिया), मोहम्मद टिंडौफ़्ट (मोरक्को), गेटनेट वेले (इथियोपिया)।

### रात भर स्वास्थ्य भवन के सामने धरने पर बैठे रहे जूनियर डॉक्टर

# आज भी प्रदर्शन के मूड़ में



## प्रदर्शन में शामिल हुए पीड़िता के मां-बाप

प्रदर्शन में पीड़िता के परिवार ने भी अपना समर्थन दिखाया है। पीड़िता के पिता ने प्रदर्शन स्थल पर कहा, 'आशा करता हूं कि प्रशासन की समझ में यह बात आएगी। आप लोग धैर्य रखें, आप मजबूर होकर आंदोलन कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि हमें न्याय मिलेगा।' इस प्रदर्शन में पीड़िता की मां भी मौजूद थीं। उन्होंने कहा, 'मेरे बच्चे आज सड़कों पर हैं, इसलिए मैं घर पर नहीं रह सकी। मुख्यमंत्री लोगों से त्योहार में शामिल होने के लिए कह रही हैं, लेकिन मेरे लिए यही मेरा त्योहार है।' पीड़िता के भाई ने भी प्रशासन से जवाब मांगते हुए कहा, 'प्रशासन क्या छिपाना चाहता है? इसे जवाब देना होगा।' उन्होंने आंदोलनकारी डॉक्टरों का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'आप सभी का धन्यवाद, जब तक हमें न्याय नहीं मिलता, कृपया हमारे साथ रहें।' आरजी कर मेडिकल कॉलेज की घटना को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के बयान पर पीड़िता की चाची ने कड़ा आक्रोश जताया। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री कह रही हैं कि परिवार ने मुआवजे की मांग की है, क्या वह इसका कोई प्रमाण दे सकती हैं?' डॉक्टरों की प्रमुख मांग है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज की पीड़िता के सभी दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

एजेंसी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के स्वास्थ्य भवन के सामने जूनियर डॉक्टरों का आंदोलन रात भर जारी रहा। कोलकाता पुलिस मुख्यालय लाल बाजार के सामने भी ऐसे ही डॉक्टर सारी रात बैठे रहे थे और दूसरे दिन बातचीत के लिए उनकी शर्तों पर पुलिस तैयार हुई थी। माना जा रहा है कि आज बुधवार को भी सारा दिन स्वास्थ्य भवन के सामने विरोध प्रदर्शन जारी रह सकता है। खास बात ये है कि जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन को सीनियर्स का भी समर्थन मिल रहा है।सीनियर्स ने सारी रात डॉक्टरों के खाने-पीने के लिए हजारों पैकेट फूड, कोल्ड ड्रिंक और ड्राई फ्रूट्स भिजवाए गए। बुधवार सुबह से ही जूनियर डॉक्टरों ने स्वास्थ्य भवन के सामने नारेबाजी शुरू की है और बताया है कि उनके समर्थन में आज सीनियर डॉक्टर्स भी शामिल होंगे।

### आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में सड़क हादसा

# सात कृषि मजदूरों की मौत



**एलुरु (देवरापल्ली)।** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में मंगलवार आधी रात बाद हुए सड़क हादसे में सात कृषि मजदूरों की मौत हो गई।दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। यह हादसा मिनी लॉरी के पलटने से हुआ। पुलिस ने बताया की मिनी लॉरी एलुरु जिले के टी.नरसापुरम मंडल के बोर्रामपलेम गांव से काजू के बीज बोरियों में भरकर पूर्वी गोदावरी जिले के निदादावोलु मंडल के ताड़ीमल्ला के लिए रवाना हुई। अरिपतिदिब्बालु-चिन्नईगुडेम रोड पर देवरापल्ली मंडल के चिलकावरिपकालु के पास वाहन ने नियंत्रण खो दिया और रेलिंग से टकरा कर पलट गया। हादसा होते ही ड्राइवर कूदकर भाग गए। वाहन में सवार नौ लोगों में से सात की मौत हो गई। दो घायल हो गए। घायलों में एक की पहचान घंटा मधु (ताडिमल्ला) के रूप में हुई।

डीएसपी देवकुमार का कहना है कि एसएसआई श्रीहरि राव और सुब्रमण्यम के साथ वह मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू किया। मृतकों के नाम देवबट्टुला बूरैया (40), तम्मीरेड्डी सत्यनारायण (45), पी. चिनमुसलाया (35), कट्टव कृष्णा (40), कट्टव सत्तीपांडु (40), ताडिमल्ला के ताड़ी कृष्णा (45) और कटकोटेश्वर के समिशरागुडेम मंडल हैं।

## लीड ग्रुप की टेकबुक भारत में छात्रों की पढ़ाई में बदलाव लाने के लिए है तैयार

रांची: भारत की सबसे बड़ी स्कूल एडटेक कंपनी, लीड ग्रुप ने आज टेकबुक लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे पारंपरिक पाठ्यपुस्तक-आधारित शिक्षा में आमूल बदलाव लाने के लिए तैयार किया गया इंटेलीजेंट बुक है। टेकबुक आज स्कूली छात्रों की पठन-पाठन से जुड़ी चुनौतियों का समाधान करने के लिए तीन अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और एनसीएफ के अनुकूल पाठ्यक्रम लेकर आया है। लीड ग्रुप के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यकारी, सुमीत मेहता ने कहा, 'सदियों से, पाठ्यपुस्तकों की कक्षा में पढ़ाई के लिहाज से महत्वपूर्ण भूमिका रही है, जबकि एआई और एआर/वीआर ने दुनिया भर में उद्योगों में व्यक्तिगत जरूरत के अनुरूप मल्टी-मॉडल और गेमीफाइड अनुभवों की ओर बढ़ने में मदद की है। हमें उम्मीद है कि 2028 तक भारत के शीर्ष 5000 स्कूल टेकबुक को अपना लेंगे, जिससे देश भर की कक्षाओं में व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप संवादपरक पठन-पाठन आम बात बन जाएगी।सुमीत ने कहा, 'पहले साल में, टेकबुक देश के शीर्ष 400 इनोवेटर स्कूलों के लिए 'केवल आमंत्रण' पर उपलब्ध होंगे। हम पठन-पाठन में एक नया मानक स्थापित करना चाहते हैं और दुनिया को दिखाना चाहते हैं कि भारत स्कूलों में एआई और टेक्नोलॉजी को छात्रों को केंद्र में रखते हुए शिक्षकों की सहायता करने के मामले में आगे है।लीड ग्रुप की सह-संस्थापक और सह-मुख्य कार्यकारी, स्मिता देवरा ने कहा, 'पाठ्यपुस्तक को हाथ में लेकर-छूकर देखने के अनुभव को टेक्नोलॉजी की ताकत और गहन शोध वाली शैक्षणिक सामग्री के साथ जोड़कर, हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि हर छात्र को उच्च-गुणवत्ता, व्यक्तिगत शिक्षा तक पहुंच मिले जो वास्तव में उनकी शैक्षणिक यात्रा को आगे बढ़ाएगा।'

## नेपाल में डिप्टी स्पीकर के खिलाफ महाभियोग लाने का रास्ता साफ

**काठमांडू :** सत्तारूढ़ गठबंधन को प्रतिनिधि सभा के डिप्टी स्पीकर इन्दिरा राना मगर के खिलाफ महाभियोग लाने का रास्ता साफ हो गया।गठबंधन ने इसके लिए दो तिहाई सांसदों के हस्ताक्षर जुटा लिए हैं। विपक्ष भी एकजुट होकर इसका सामना करने की तैयारी कर रहा है एक दिन पहले मंगलवार को सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक में डिप्टी स्पीकर को हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्णय के साथ संसद में नेपाली कांग्रेस और एमाले पार्टी के सांसदों ने डिप्टी स्पीकर से इस्तीफे की मांग की। इस पर न सिर्फ इंदिरा राना मगर की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने विरोध किया बल्कि उनके बचाव में माओवादी और राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने भी सत्तारूढ़ दल पर सवाल खड़े किए। सत्तारूढ़ दल ने इस्तीफा न देने पर महाभियोग की चेतावनी दी थी। एमाले पार्टी के प्रमुख सचेतक महेश बरतौला ने कहा कि महाभियोग के लिए जरूरी समर्थन हासिल कर लिया गया है। जो सांसद काठमांडू में नहीं हैं, उन्हें तत्काल पहुंचने को कहा गया है। सत्तारूढ़ दल नेपाली कांग्रेस के सांसद एन पी साउद ने कहा कि आज किसी भी समय महाभियोग प्रस्ताव लाया जाया जा सकता है। इसी बीच काठमांडू लौटे राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामिछा ने बुधवार को प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से मुलाकात कर अपने पार्टी के नेता को डिप्टी स्पीकर पद से हटाने के कारणों के बारे में पूछा। इस मुलाकात के बारे में आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं बताया गया है।

## बलिया में युवक की चाकू मारकर हत्या

बलिया : जिले के दुबहड़ थाना क्षेत्र के ओझवलिया गांव में मंगलवार की देर रात आपसी विवाद में एक युवक की चाकू मार हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भिजवाया और मामले की छानबीन में जुट गई। एएसपी अनिल कुमार झा व सीओ गौरव कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी ली। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का मुआयना कर साक्ष्य जुटाए। ओझवलिया गांव निवासी रघुवंश वर्मा और भिखारी वर्मा के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। रघुवंश वर्मा की दुकान पर हरिछपरा निवासी मृत्युंजय तिवारी उर्फ छोटू (22) पुत्र मनोज तिवारी काम करता था। रघुवंश का पक्ष लेने पर मृत्युंजय को दूसरे पक्ष के भिखारी वर्मा का पुत्र अजीत वर्मा बार-बार धमकी दे रहा था। मंगलवार की देर शाम ईंट-भट्ठे के पास भिखारी वर्मा ने मृत्युंजय को आपसी विवाद में न पड़ने की सलाह दी, इसको लेकर दोनों में विवाद हो गया। इस विवाद में हुई चाकूबाजी में मृत्युंजय गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल मृत्युंजय को जिला अस्पताल पहुंचाया, वहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर उद्योग को मिलेगी नई दिशा

# प्रभात तारा मैदान में आयोजित शो में शामिल होंगी कई कंपनियां

- **झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का आयोजन 20 से 22 सितंबर तक**

मेट्रो रेज




**रांची:** आगामी 20, 21 और 22 सितंबर को धुर्वा स्थित प्रभात मैदान में झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस शो को आयोजन ओलपिंया एक्जीबिशन प्राइवेट लिमिटेड के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस शो में माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी 100 से अधिक सरकारी और निजी कंपनियां शामिल हो रही है। ओलंपिया ने इस आयोजन में शामिल होने के लिए झारखंड के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, ग्रामीण विकास मंत्री, मेकॉन के सीएमडी, झारखंड के औद्योगिक सचिव और झारखंड के कमिश्नर को विशेष रूप से आमंत्रित किया है। इस शो में प्रवेश निःशुल्क है। शो सुबह 10 से शाम छह बजे तक खुला रहेगा। इस शो में जेसीबी इंडिया, टीवीएस टायर्स, हीरालाल इंडस्ट्रीज टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड, हुंडई कंस्ट्रक्शन इक्यूवमेंट, एजेक्स इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड, वीनस टेक्नो इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, टेकफैब (इंडिया) इंडस्ट्रीज लिमिटेड, पीआरडी रिंग्स प्राइवेट लिमिटेड, मैक्समैच इक्यूवमेंट प्राइवेट लिमिटेड, प्रेमसंस मोटर उद्योग, शैल ल्यूब्रिकेंट समेत अन्य कंपनियां शामिल हो रही है। इसके अलावा सरकारी कंपनियों में मेकॉन लिमिटेड, कोल इंडिया, सीपीएमपीडीआई, भारत पेट्रोलियम समेत निर्माण कंपनियां, भारी वाहन निमार्ता, खनन कंपनियां, उपकरण निमार्ता, लुब्रिकेंट सप्लायर, और स्पेयर पार्ट्स निमार्ता भी इस आयोजन का हिस्सा होंगे। ओलंपिया एक्जीबिशन के सीओ एसके त्रिपाठी, प्रोजेक्ट डायरेक्टर लोकेश चौधरी ने संयुक्त रूप से बताया कि झारखंड माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो वर्ष के सबसे प्रतीक्षित आयोजनों में से एक है। यह शो खनन, निर्माण, और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी प्रमुख कंपनियों और नेताओं को एक मंच पर लाता है। यह सिर्फ नवाचार के लिए एक मंच नहीं है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों के पेशेवरों को आपस में विचार-विमर्श करने और भारत में खनन और इन्फ्रास्ट्रक्चर के भविष्य पर चर्चा करने का अवसर प्रदान करता है। यह शो उन तकनीकी उन्नतियों और इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास को प्रदर्शित करने का एक मौका है जो राज्य और राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाते हैं। अत्याधुनिक उपकरण और खनन तकनीके देखने का मौका तीन दिवसीय माइनिंग और इन्फ्रास्ट्रक्चर शो में अत्याधुनिक उपकरण, आधुनिक खनन तकनीकें, इन्फ्रास्ट्रक्चर विकास के समाधान और उद्योग को आगे बढ़ाने वाले नवाचार प्रदर्शित किए जाएंगे। आगंतुक भारी वाहन जैसे जेसीबी, निर्माण उपकरण और अत्याधुनिक खनन उपकरणों के लाइव डेमोंस्ट्रेशन देख सकेंगे। इसके अलावा कई ज्ञान-विनिमय सत्र, पैनल चर्चा, और व्यापार नेटवर्किंग के अवसर भी उपलब्ध होंगे। यह कंपनियों के लिए साझेदारी करने, विचारों का आदान-प्रदान करने और विकास के नए रास्ते खोजने का एक सुनहरा अवसर है।

# फाइनेंस कर्मियो ने गबन के नीयत से रची लूट की झूठी कहानी

**पूर्वी चंपारण :** जिले के राजेपुर थाना क्षेत्र के नरहां पानापुर में शिवहर के एक फाइनेंस कर्मी से एक लाख 81 हजार 580 रुपये की लूट होने की घटना पुलिस जांच में फर्जी साबित हुआ है। उक्त मामले में एसपी कांतेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार के नेतृत्व में गठित एसआइटी ने जांच के बाद शिवहर स्थित फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट समस्तीपुर जिले के बगरा थाना क्षेत्र के धनंजय कुमार, ब्रांच मैनेजर रोहतास जिले के बघेला थाना क्षेत्र के दीपक सिंह, क्लस्टर मैनेजर समस्तीपुर जिले के बगरा थाना क्षेत्र के मुरादपुर बगराहा गांव के नीरज को गिरफ्तार किया है। इस मामले का खुलासा करते हुए पकड़ीदयाल डीएसपी सुबोध कुमार ने बताया कि बीते पांच सितंबर की संध्या फाइनेंस कर्मी के द्वारा लूट की घटना की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। घटना के तकनीकी व वैज्ञानिक अनुसंधान में यह पाया गया कि बैंक के कलेक्शन एजेंट ने गबन के नियत से लूट की झूठी कहानी बनाकर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होने बताया कि घटना के पूर्व 30 अगस्त को ऑडिट टीम ने जांच में फाइनेंस कंपनी के रुपये में कमी को पकड़ा। जिसके बाद विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए तीनों ने लूट की झूठी कहानी बना दिया।




### कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से तीन लड़कियां गायब, पुलिस ने की बरामद

**गाजियाबाद :** दिल्ली से सटे गाजियाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से तीन लड़कियां गायब हो गयी। जिसके बाद हड़कम्प मच गया। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गायब लड़कियों की तलाश की और कुछ ही घंटों में बरामद कर लिया। डीसीपी (सिटी)राजेश कुमार ने बुधवार को बताया कि थाना सिहानीगेट क्षेत्रान्तर्गत स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय से पढ़ाई कर रहीं तीन लड़कियां बुधवार तड़के पांच बजे गायब हो गयी। विद्यालय छात्रावास की वार्डन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। तीनों लड़कियां हॉस्टल में रहकर पढ़ाई कर रही थी। जिसमें दो लड़कियां कक्षा सात तथा एक लड़की कक्षा आठ की छात्रा हैं। डीसीपी ने बताया कि सूचना पर थाना सिहानीगेट पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर विद्यालय के सीसीटीवी कैमरे एवं अन्य कैमरे चैक किये गये।

### शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार पर दबाव

# सीमित दायरे में कारोबार कर रहे सेंसेक्स और निफ्टी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की सपाट स्तर पर मिली-जुली शुरूआत हुई थी। बाजार खुलने के बाद लिवालों और बिकवालों के बीच एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.09 प्रतिशत और निफ्टी 0.08 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज ऑटो, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, डॉ रेड्डीज लेबोरेट्रीज, भारती एयरटेल और एशियन पेंट्स के शेयर 2.64 प्रतिशत से लेकर 0.83 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा मोटर्स, ओएनजीसी, हिंडालको इंडस्ट्रीज, डिवीज लेबोरेट्रीज और एचडीएफसी लाइफ के शेयर 5.28 प्रतिशत से लेकर 0.70 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,329 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,339 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 990 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 11 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 19 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 30 शेयर हरे निशान में और 20 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 6.83 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 81,928.12 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही खरीदारों और बिकवालों के बीच खींचतान शुरू हो गई, जिसकी वजह से इस सूचकांक की चाल भी ऊपर नीचे होती रही। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 82,009.78 अंक तक पहुंचा। वहीं बिकवाली का दबाव बनने पर इसने 81,741.65 अंक के स्तर तक गोता भी लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 75.26 अंक की मजबूती के साथ 81,996.55 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स के विपरीत एनएसई के निफ्टी ने आज 7.10 अंक की कमजोरी के साथ 25,034 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलते ही तेजड़ियों और मंदड़ियों ने एक दूसरे पर हावी होने की कोशिश शुरू कर दी, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में उतार-चढ़ाव होने लगा। खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर 25,078.20 अंक तक पहुंचा। इसी तरह बिकवाली का दबाव बनने पर ये 24,981.30 अंक तक गिर भी गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 20.70 अंक की बढ़त के साथ 25,061.80 के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

इसके पहले पिछले कारोबारी दिन मंगलवार को सेंसेक्स 361.75 अंक यानी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ 81,921.29 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 104.70 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की बढ़त के साथ 25,041.10 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

### न्यूज IN बिजनेस

## एचडीएफसी इर्गो ने खरीफ सीजन के लिए झारखंड में किसानों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की लागू

**रांची/मेट्रो रेज :** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जनरल इंश्योरेंस कंपनी, एचडीएफसी इर्गो जनरल इंश्योरेंस कंपनी को झारखंड सरकार ने खरीफ, 2024 सीजन के लिए पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, कोडरमा, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, साहेबगंज और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में ऋणी और गैर-ऋणी किसानों के लिए बिरसा प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना (बी-पीएमएफबीवाई) लागू करने के लिए अधिकृत किया है। इन जिलों में इस योजना का क्रियान्वयन झारखंड सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत अधिसूचित निम्नलिखित फसलों के लिए किया जाएगा, जिनके लिए फसलों के अनुसार अंतिम तिथियाँ भी दी गई हैं। बी-पीएमएफबीवाई योजना में किसानों को सूखा, बाढ़, अकाल, भूस्खलन, चक्रवात, तूफान, ओलावृष्टि, सैलाब, कीट, बीमारियों आदि जैसे कई बाहरी खतरों के कारण फसल को होने वाले नुकसान के लिए बीमा की सुरक्षा मिलती है। फसल के नुकसान का आकलन करने के लिए, राज्य सरकार इस योजना के लिए अधिसूचित क्षेत्रों में अधिसूचित फसलों पर फसल कटाई प्रयोग (सीसीई) की योजना बनाकर उसका संचालन करेगी। यदि संचालित किए गए सीसीई में पैदावार के आँकड़े कम पाए जाते हैं, तो माना जाएगा कि किसान को फसल का नुकसान हुआ है, और इस नुकसान के लिए किसान को क्लेम दिया जाएगा। इस योजना में फसल चक्र के हर चरण के लिए बीमा कवर मिलेगा, जिसमें बुआई से पहले, कटाई और कटाई के बाद के जोखिम शामिल हैं। बी-पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत आने वाले सभी उत्पाद झारखंड सरकार के कृषि विभाग से अनुमोदित हैं। पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, कोडरमा, लोहरदगा, पलामू, रामगढ़, साहेबगंज और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के किसान अपने जिले में स्थित बैंक, कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) या फिर अधिकृत एचडीएफसी इर्गो एजेंट से संपर्क करके ऊपर सूचीबद्ध फसलों के लिए बी-पीएमएफबीवाई योजना के अंतर्गत बीमा कवर प्राप्त कर सकते हैं। इंश्योरेंस कवर प्राप्त करने के लिए वैध अवधि का विवरण कृषि विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। किसान इस योजना का लाभ पाने के लिए किसान ऐप पर लॉगऑन करके या वेबसाइ Mhttps://pmfby.gov.in/farmerLogin पर जाकर सेल्फ-एनरोलमेंट करा सकते हैं।

## मोटोरोला ने लॉन्च किया रेजर 50

**रांची/मेट्रो रेज :** मोबाइल तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में अग्रणी मोटोरोला ने अपने बहुप्रतीक्षित स्मार्टफोन मोटोरोला रेजर 50 के लॉन्च के साथ आज फिर से फोल्डेबल स्मार्टफोन सेगमेंट में हलचल मचाई है, जो रेजर फ्रैंचाइजी में एक नया और महत्वपूर्ण जोड़ है। रेजर फ्रैंचाइज में इस नवीनतम पेशकश से स्मार्टफोन तकनीक में निरंतर प्रगति देखने को मिलती है, जिसमें सेगमेंट का सबसे बड़ा 3.6'' एक्सटर्नल डिस्प्ले शामिल है, जो सीधे गूगल जेमिनी एक्सेस प्रदान करता है। मोटो एआई द्वारा संचालित प्रभावशाली 50 एमपी कैमरा सिस्टम के साथ, जिसमें ओआईएस और इंस्टेंट ऑल पिक्सल फोकस शामिल है, रेजर 50 अत्याधुनिक तकनीक प्रदान करता है। यह त्योहारी सीजन में सीमित अवधि के विशेष प्रारंभिक मूल्य पर केवल 49,999 में उपलब्ध है, जो इसे इस सीजन की एक जरूरी खरीदारी बनाता है। मोटोरोला रेजर 50, अपने पूर्ववर्ती रेजर 50 अल्ट्रा की तरह, फोल्डेबल तकनीक को नई ऊंचाइयों पर ले जा रहा है, जिसमें सेगमेंट का सबसे बड़ा और उन्नत एक्सटर्नल डिस्प्ले दिया गया है। 3.6 इंच बड़ा pOLED एक्सटर्नल डिस्प्ले, जो Corning® Gorilla® ग्लास विक्टस द्वारा सुरक्षित है, 90Hz डायनेमिक रिफ्रेश रेट और 1700 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ शानदार दृश्य अनुभव प्रदान करता है। इसका 1056 x 1066 पिक्सल का उच्च रिजॉल्यूशन, 10-बिट डेप्थ, 100% DCI-P3 कवरेज और SGS आई प्रोटेक्शन के साथ अद्वितीय स्पष्टता और जीवंत रंगों को पेश करता है। डिस्प्ले की HDR10 प्रमाणन रंग सटीकता और ब्राइटनेस को और बेहतर बनाती है, जो इसे विभिन्न उपयोगों के लिए आदर्श बनाती है।

## मोहित चौहान की आकर्षक आवाज में क्राईम थ्रिलर सेक्टर 36 का डायनामिक साउंडट्रैक 'डमरू' हुआ रिलीज

**रांची/मेट्रो रेज :** डमरू में भक्ति और शक्ति के संगम का अनुभव लेने के लिए तैयार हो जाईये। विक्रांत मैसी और दीपक डोबरियाल की क्राईम थ्रिलर, सेक्टर 36 का यह लेटेस्ट ट्रैक रिलीज हो गया है। अपनी जबरदस्त ऊर्जा और शक्तिशाली धुन के साथ यह ट्रैक श्रोताओं के हृदय को झकझोर देगा और उनमें भक्ति के साथ ऊर्जा का संचार हो जाएगा। जियो स्टूडियोज और मैडॉक फिल्म्स द्वारा निर्मित सेक्टर 36 नेटफ्लिक्स पर 13 सितंबर से स्ट्रीम होगी। हर लय में भावनाओं को पिरोने की अपनी क्षमता के लिए मशहूर, मोहित चौहान ने 'डमरू' में अतुलनीय तीव्रता का संचार किया है। इसके बोल अनुपम अमोद ने लिखे हैं। गीतकार-कंपोजर, धुनकी ने इसकी गति बनाए रखते हुए भक्ति की शैली में आधुनिक तत्वों को पिरोया है। यह गीत नव ऊर्जा के साथ गूंजता है, और रग-रग में संगीत की तीव्रता का संचार कर देता है। डमरू ने फिल्म के सबसे जबरदस्त क्षणों में जान फूंक दी है, और इसकी रोमांचक कहानी को और ज्यादा गहरा बना दिया है।इसके मुख्य किरदार विक्रांत मैसी ने कहा, ह्यह्यडमरू में सेक्टर 36 का पूरा सार उतर आया है। यह फिल्म के हाई-ऑक्टेन और प्रचंड वातावरण को प्रतिबिंबित करता है। मैं जब भी यह ट्रैक सुनता हूँ, मुझमें ऊर्जा का संचार हो जाता है, और मेरा मानना है कि दर्शकों को भी यह सुनकर उतना ही रोमांच महसूस होगा।'इस ट्रैक को अपनी आवाज देने वाले, मोहित चौहान ने कहा, 'डमरू की शक्तिशाली धुन और भगवान शिव की स्तुति ने मुझे भक्ति और ऊर्जा से भर दिया। मैं ऊर्जा का भंडार महसूस कर रहा था। इसका संगीत बहुत उत्साहवर्धक है और इसके बोल काफी प्रेरणादायक हैं। मैं जब भी यह गीत गाता हूँ, तब यह उत्साह और प्रेरणा मैं महसूस करता हूँ। मुझे उम्मीद है कि श्रोताओं को भी इस ट्रैक में उसी प्रेरणा और उत्साह का अनुभव होगा।' इस फिल्म के कलाकार दीपक डोबरियाल ने कहा, 'यह गीत स्क्रीन पर भक्ति की भावना पेश करता है। दैवीय ऊर्जा के गीत में इस तरह की आधुनिकता बहुत कम देखने को मिलती है। डमरू जहाँ रोमांच से भर देता है, वहीं यह हमारी फिल्म की बिल्कुल सही पृष्ठभूमि भी है।''

### एबीएसएलआई अनिश्चत इंडेक्स 2024 फाइनेंशियल आउटलुक

## अनिश्चितता के बीच रांची निवासियों ने दिखाया उत्साह

**रांची:** आदित्य बिड़ला सन लाइफ इंश्योरेंस (एबीएसएलआई ) अनिश्चत इंडेक्स 2024 पूरे भारत की वित्तीय भावनाओं और तैयारियों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। रिपोर्ट में वित्तीय अनिश्चितता प्रबंधन में रांची के लोगों की प्रतिक्रिया पर प्रकाश डाला गया है, जिसमें राष्ट्रीय औसत की तुलना में कुछ क्षेत्रों में मजबूती है और अन्य में सुधार की आवश्यकता है।वर्क शेड्यूल अनिश्चितता: वित्तीय अनिश्चितता के संदर्भ में, रांची के 91 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने अगले पाँच वर्षों में उच्च या उच्चतर स्तर की अनिश्चितता की आशंका जताई है, जो राष्ट्रीय औसत 88 प्रतिशत से थोड़ा अधिक है। इसके अतिरिक्त, रांची के 60 प्रतिशत कार्यबल को अप्रत्याशित वर्क शेड्यूल या तत्काल समय सीमा वाले व्यस्त शेड्यूल का सामना करना पड़ता है, जो राष्ट्रीय औसत 69 प्रतिशत से काफी अधिक है, जो रांची में अधिक चुनौतीपूर्ण कार्य वातावरण का संकेत देता है। सक्रिय वित्तीय नियोजन: रांची के निवासी वित्तीय नियोजन के प्रति मिश्रित दृष्टिकोण दिखाते हैं. जबकि 83 प्रतिशत ने वित्तीय सुरक्षा के लिए बीमा पॉलिसियाँ ली हैं, जो राष्ट्रीय औसत 77 प्रतिशत से अधिक है, केवल 44 प्रतिशत ने म्यूचुअल फंड या स्टॉक में निवेश किया है, जो राष्ट्रीय आँकड़ा 46 प्रतिशत से थोड़ा कम है। रांची में आपातकालीन तैयारियों के लिए जीवन बीमा (69 प्रतिशत) और बचत खाते (65 प्रतिशत) को प्राथमिकता दी जाती है, जो राष्ट्रीय रुझानों के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। माता-पिता का वित्तीय प्रभाव: सर्वेक्षण से पता चलता है कि रांची के 65 प्रतिशत निवासियों को लगता है कि उनके माता-पिता की वित्तीय आदतों ने उनके स्वयं के दृष्टिकोण को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित किया है, जो राष्ट्रीय औसत 63 प्रतिशत के साथ निकटता से जुड़ा हुआ है। यह रांची में वित्तीय व्यवहारों के एक मजबूत पीढ़ीगत हस्तांतरण का सुझाव देता है। इसके अतिरिक्त, 86 प्रतिशत उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय नियोजन को आवश्यक मानते हैं, जो शिक्षा के लिए प्रारंभिक वित्तीय तैयारी के बारे में उच्च जागरूकता को दशार्ता है।

## ग्लोबल मार्केट से कमजोरी के संकेत एशिया में भी बिकवाली का दबाव

**नई दिल्ली :** ग्लोबल मार्केट से आज कमजोरी के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार पिछले सत्र के दौरान मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। वहीं यूरोपीय बाजार में दबाव का माहौल बना रहा। एशियाई बाजार में भी आज गिरावट के साथ कारोबार होता हुआ नजर आ रहा है। अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती होने की संभावना और आर्थिक सुस्ती की आशंका के बीच अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान असमंजस में कारोबार करता नजर आया। इस ऊहापोह के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मिले-जुले परिणाम के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स 93 अंक की कमजोरी के साथ बंद हुआ। दूसरी ओर, एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.45 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,495.52 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसी तरह नैस्डेक 141.28 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की तेजी के साथ 17,025.88 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

# रंका के अंचल पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार का धनबाद जिला में हुआ पदस्थापना








ज्योति पाठक

**गढ़वा** जिला के रंका थाना के अंचल पुलिस निरीक्षक प्रवीण कुमार का तबादला धनबाद जिला हो गया है। श्री कुमार 2012 बैच के पुलिस निरीक्षक हैं और अपने बेहतर और उत्कृष्ठ कार्यों के कारण तथा झारखण्ड में फिंगर विशेषज्ञ के रूप में इनकी पहचान है तथा अपनी उपलब्धि और कामयाबी के फलस्वरूप कई बार सम्मानित भी हो चुके हैं। श्री कुमार इससे पूर्व अन्य कई जिलों में पदस्थापित रह चुके हैं। वे जहां भी पदस्थापित रहें अपने बेहतर कार्यप्रणाली और उपलब्धि के कारण आम लोगों के बीच काफी जनप्रिय पुलिस निरीक्षक के रूप में अपनी पहचान बनायी। श्री कुमार चाईबासा अंचल के पुलिस निरीक्षक रहने के साथ-साथ चक्रधरपुर थाना के थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक एवं सदर थाना प्रभारी सह पुलिस निरीक्षक भी रह चुके हैं श्री कुमार पश्चिम सिंहभूम चाईबासा में पुलिस अधीक्षक इन्द्रजीत महथा, अजय लिण्डा तथा वर्तमान पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर के द्वारा भी हमेशा सराहे गयें और इनके कार्यप्रणाली को काफी बेहतर माना गया। श्री कुमार पश्चिम सिंहभूम जिला से तबादला होकर गढ़वा गयें जहां इनके उपलब्धि और बेहतर कार्यप्रणाली के फलस्वरूप पुलिस अधीक्षक दीपक पाण्डे ने रंका अंचल में पुलिस निरीक्षक के रूप में इन्हें पदस्थापित किया और कुछ माह के कार्यकाल में ही श्री कुमार लोकप्रिय अंचल पुलिस निरीक्षक के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनायी और वर्तमान समय में उनका तबादला गढ़वा जिला से धनबाद जिला हो गया है। श्री कुमार कोरोना काल में जिस प्रकार से चक्रधरपुर में अपने बेहतर कार्य और कर्तव्य के दायित्व का निर्वहन किया वह अपने आप में हमेशा लोगों के बीच बना रहेगा। इसके अलावे मानकी मुण्डा तथा ग्रामीणों के बीच पुलिस और आम लोगों के बीच प्रगाढ़ता भी काफी उपलब्धि भरी रही। ग्रामीण क्षेत्र में पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा तथा इनके द्वारा गठित समूह का ही यह परिणाम रहा कि लोग और पुलिस एक दुसरे के सच्चे और अच्चे मित्र भी साबित हुए। थाना परिसर में आने वाले लोगों का पुलिस परिवार के द्वारा स्वागत और समाधान आज भी उनकी लोकप्रियता और कार्यपणली का याद दिलाती है। तत्कालीन डीआईजी अजय लिण्डा भी श्री कुमार के जनमानस के बीच पुलिस की छवि को बेहतर बनाने के कारण हमेशा चक्रधरपुर और चाईबासा में उनके कार्यों को सराहा। अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र गुड़ासाई में जनता दरबार काफी एतिहासिक रहा था और प्रथम बार एसपी के रूप में अजय लिण्डा और एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक नाथु सिंह मीणा भी उपस्थित रहे थे।

## राजेश एक्का के पदस्थापना के बाद से विभाग में बेहतर कार्य प्रणाली का हुआ सृजन

मेट्रो रेज

कहते हैं अधिकारी अगर ठान ले और जान लें कि कार्यों का निस्पादन बेहद सरल और सुगम तरीके से सम्पादित सहजतापूर्वक हो इसके लिए अधिकारी का प्रयास और लम्बी प्रशासनिक दक्षता काफी मायने रखता है और उनके बेहतर कार्य से जिला गौरवान्वित भी। जी हाँ! हम बात कर रहे हैं पश्चिम सिंहभूम जिला के बेहतर और कर्मठ और अपने कुशल कार्यप्रणाली से अपने विभाग अधीन कार्यों का निस्पादन सहजता सरलता के साथ सम्पादित करने वाले राजेश एक्का की। श्री एक्का अपने पदस्थापनाकाल के पश्चात से ही जिला में परिवहन विभाग को बेहतर बनाने की दिशा में जो पहल किया है उसी का यह परिणाम है कि इस जिला में परिवहन विभाग काफी बेहतर तरीके से कार्यों का निस्पादन कर रहा है। श्री एक्का के योगदान देने के प्श्चात से विभाग अधीन कार्यों मे काफी तेजी आयी है। वाहन मालिकों एवं अन्य समस्याओं की जानकारी मिलने पर तत्क्षण उसके लिए कारगर पहल जिला परिवहन पदाधिकारी की विशेषता मानी जाती है। लोकसभा चुनाव में भी उनके द्वारा वाहन कोषांग के गठन के पश्चात चुनाव कार्यों के लिए जिस सरलता और सुगमता के साथ वाहनों की व्यवस्था की गयी वह अपने आप में काफी अनुकरणीय है और चुनाव आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप वाहनों का संग्रह और जुगाड़ भी बड़ी बेहतर तरीके से की गयी। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चैधरी के आदेश का भी अनुपालन काफी बेहतर तरीके से किया गया यही नहीं पश्चिम सिंहभूम जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश एक्का के द्वारा बेहतर कार्यों की जानकारी वर्तमान परिवहन सचिव कृपा नन्द झा तक भी पहुंची और उन्होंने भी श्री एक्का के कार्यों को काफी संतोषजनक माना। यही नहीं मुख्यमंत्री के निरंतर आगमन और कार्यक्रम में भी इनकी कार्य काफी सराहणीय रही और पुरे व्यस्तता के पश्चात भी परिवहन विभाग काफी मुस्तैद रहा। ऐसे अधिकारी से निश्चित तौर पर जिला और विभाग दोनों गौरवान्वित होते हैं।

## सोनारी की नाबालिग लड़की सुसाइड नोट लिखकर लापता

**जमशेदपुर :** सोनारी के झाबरी बस्ती के हीरो होंडा सर्विस सेंटर के बगल में रहने वाले विशंभर मुर्मू की 17 वर्षीय नाबालिग लड़की अपने इंस्टाग्राम और वॉट्सएप में सुसाइड करने की बात लिखकर घर से 6 सितंबर को दोपहर लगभग दोपहर 2 बजे से लापता है। चार दिनों बाद भी लड़की का कहीं अता-पता नहीं चला है। इस घटना की जानकारी घटना के दिन भी परिजनों ने थाने में दी। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। अंततः आज पुलिस ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज की। लड़की के पिता ने बताया कि घटना के दिन ही उसने इसकी जानकारी सोनारी थाने को दी। लेकिन पुलिस ने आवेदन में सुधार करने की बात कहकर लौटा दिया। तीन दिनों बाद भाजपा नेता विकास सिंह की दखल के बाद मामला दर्ज हुआ।

इंस्टाग्राम एवं व्हाट्सएप पर भेजे गए सुसाइड नोट में लड़की ने लिखा वह सुसाइड करने जा रही है। इसका कारण उसने एक लड़के के द्वारा ब्लैकमेल करना बताया। सोनारी थाने में दिए गए आवेदन में लड़की के पिता ने कहा कि वह एवं उनकी पत्नी दिहाड़ी मजदूरी का काम करते हैं। उनकी दो बेटी है। बड़ी बेटी जमशेदपुर को-ऑपरेटिव कॉलेज में इंटर में पढ़ती है। उसने अपना मोबाइल फोन घर में ही छोड़ दिया है। फोन की जांच करने पर पाया गया कि उसने कई लड़कों का नंबर डायल किया है। संभावना है कि उन्हीं में से कोई उसे ब्लैकमेल कर रहा था।

## बाराद्वारी के व्यापारी से आठ लाख रुपये की लूट

**जमशेदपुर :** सीतारामडेरा थाना अंतर्गत बाराद्वारी के व्यापारी मनोज अग्रवाल से बदमाशों ने आठ लाख रुपये लूट लिये। घटना 9 सितंबर की रात 8 बजे व्यापारी के घर से कुछ दूरी पर हुआ। रुपये से भरा थैला लूटने के बाद अपराधी बाइक से फरार हो गए। घटना के बाद व्यापारी ने इसकी जानकारी सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका को दी। मुनका ने इसकी जानकारी वरीय पुलिस अधीक्षक को दी। चैंबर अध्यक्ष ने बताया कि व्यापारी मसाला कारोबारी के साथ-साथ ड्राई फ्रूट्स का कारोबार करते हैं। उनकी साकची में दुकान है। बिक्री का पैसा लेकर एक थैले में रखकर अपने स्टाफ के साथ बाइक से घर जा रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल पर आए तीन युवकों ने ओवरटेक करके व्यापारी की बाइक को रोक लिया। उसके बाद रुपये से भरा थैला लूटकर फरार हो गए। अपराधियों के पास आर्म्स होने के कारण व्यापारी ने विरोध नहीं किया। दूसरी ओर घटना की जानकारी पुलिस को होने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए क्षेत्र में चेकिंग शुरू की। लेकिन अपराधी फरार होने में सफल रहे। पुलिस सीसीटीवी कैमरा भी खंगाल कर बदमाशों का पता लगाने की कोशिश कर रही है। साथ ही व्यापारी से रुपयों के ब्योरा देने के लिए कहा है।

## कपाली में लड़की ने फांसी लगाकर दी जान

**जमशेदपुर :** सरायकेला-खरसावां जिले के कपाली ओपी अंतर्गत अंसार नगर के डैमडूबी में मंगलवार को शकीना परवीन नामक किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी परिजनों को होने के शकीना का भाई कांच की खिड़की दरवाजा तोड़कर कमरे में घुसा उसके बाद उसे फंदे से उतारा गया। परिजन उसे ब्रह्मानंद अस्पताल ले गए। जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी पुलिस को होने के बाद उसने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया। किशोरी के परिजनों ने बताया कि घटना के समय घर पर कोई नहीं था। शकीना अकेली थी। उसने आत्महत्या क्यों की इसकी जानकारी नहीं मिल पायी। पुलिस ने अस्वाभाविक मौत का मामला दर्ज किया है।

## जमशेदपुर पासपोर्ट सेवा केन्द्र की बढ़ेगी क्षमता

**जमशेदपुर :** सिंहभूम चैम्बर का एक प्रतिनिधिमंडल नगर विकास सह पथ निर्माण विभाग के सचिव से मुलाकात कर डोबो रोड तथा जुगसलाई एवं मानगो में जुस्को की पानी, बिजली की उपलब्धता की मांग की। चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया कि इस दौरान क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी मनिता से भी प्रतिनिधिमंडल मिला। इस दौरान पासपोर्ट बनाने के दौरान अपेक्षा से अधिक समय लगने पर होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही जमशेदपुर पासपोर्ट सेवा केंद्र में प्रतिदिन पासपोर्ट बनाने की क्षमता बढ़ाने तथा जांच प्रक्रिया की समय अवधि घटाने की मांग की। क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने इस पर विचार का आश्वासन दिया।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने उन्हें बताया कि जमशेदपुर में पासपोर्ट सेवा केंद्र की क्षमता प्रतिदिन 90 है। इसमें भी 10 से 15 आवेदनकर्ता ऐसे होते हैं जो आवेदन करने के पश्चात टर्नअप नहीं हो पाते हैं। साथ ही केंद्र को कोई रिप्लाई नहीं देते हैं। लोगों को भी इसके लिये जागरूक होना होगा तभी इसपर कोई ठोस निर्णय लिया जा सकता है। वहीं नगर विकास विभाग के सचिव सह पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार से मरीन ड्राइव से डोबो रोड की जर्जरावस्था की ओर ध्यान दिलाया तथा सड़क मरम्मत की मांग की। साथ ही जुगसलाई एवं मानगो में जुस्को की पानी और बिजली की उपलब्धता का आग्रह किया। सुनील कुमार इन मांगों पर विचार का सकारात्मक आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष पुनीत कांवटिया, अधिवक्ता राजीव अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, सचिव बिनोद शर्मा एवं सुरेश शर्मा लिपु उपस्थित थे।

## चोरी की स्कूटी के साथ युवक गिरफ्तार, जेल भेजा गया

**चान्हो :** मंगलवार को पुलिस ने शकील अंसारी नामक युवक को चोरी की स्कूटी के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शकील लोहरदगा जिले के नगजुवा के चरिमा गांव का रहने वाला है। चान्हो पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम झिबरी मोड़ पर वाहन चेकिंग के दौरान शकील को रोका गया। उसके पास मौजूद स्कूटी की जांच करने पर पता चला कि यह वाहन मार्च में रातू थाना क्षेत्र के दलादिली चौक से चोरी हुई थी। स्कूटी की चोरी की पुष्टि होने पर पुलिस ने शकील को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस इस मामले की गहन जांच कर रही है और स्कूटी चोरी से जुड़े किसी अन्य आरोपी या गिरोह के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

## जलडेगा के मजदूर की कर्नाटक में मौत



**जलडेगा :** जलडेगा के टिनगिना निवासी मंगनू साय (25) की कर्नाटक के मालपे में मौत हो गई। वह मछली मारने का काम करता था और अचानक तबियत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। शव को अजरगढ़ गवर्नमेंट हॉस्पिटल में रखा गया है।

मंगनू की पत्नी 6 माह की गर्भवती है और परिवार की स्थिति खराब है। परिजनों ने जनप्रतिनिधि और जिला प्रशासन से शव को घर वापस लाने के लिए सहयोग का गुहार लगाई है।

मंगनू के परिवार में कोई काम करने वाला नहीं है और वह मेहनत मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। परिवार को सरकारी सहायता की जरूरत है ताकि वे शव को घर वापस ला सकें और अंतिम संस्कार कर सकें।

## मांडर थाना में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन




मेट्रो रेज

**मांडर :** पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अनुराग गुप्ता के आदेश पर मंगलवार को मांडर थाना परिसर में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मांडर, चान्हो और ठाकुरगांव थाना क्षेत्रों से जुड़ी कुल 107 याचिकाओं पर सुनवाई की गई। मांडर थाना से 58, चान्हो से 41 और ठाकुरगांव से 8 याचिकाएं प्रस्तुत की गईं।

कार्यक्रम की पहली याचिका मांडर थाना क्षेत्र के करगे गाँव निवासी शंकर टोप्पो द्वारा डीएसपी राम नारायण चौधरी को सौंपी गई, जिसकी त्वरित सुनवाई कर समाधान किया गया। शंकर टोप्पो की आचरण संबंधी याचिका का तात्कालिक निपटारा किया गया। इसी प्रकार, चान्हो थाना क्षेत्र से मोहम्मद इस्माइल, और अन्य याचिकाकताओं अमृता देवी तथा सुखदेव महली की याचिकाओं का भी तुरंत निपटारा किया गया।

ठाकुरगांव थाना से प्राप्त दो याचिकाओं का समाधान कर दिया गया, जबकि दो याचिकाओं को स्थानांतरित किया गया और चार को लंबित रखा गया।

यह जन सुनवाई डीएसपी राम नारायण चौधरी के नेतृत्व में आयोजित की गई, जिसमें मांडर थाना के उप निरीक्षक (एसआई) रंजीत किशोर, चान्हो थाना प्रभारी चंदन कुमार गुप्ता, और ठाकुरगांव थाना प्रभारी विनीत कुमार समेत अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों की लंबित शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी समाधान कर उन्हें न्याय प्रदान करना था।



## दुर्गा सोरेन की जयंती मनाई गई

**सिमडेगा :** झामुमो ने दुर्गा सोरेन की जयंती मनाई गई। मौके पर जिला जिला अध्यक्ष अनिल कांडुलना, जिला सचिव सफीक खान, जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, जिला संगठन सचिव कल्याण मिंज, जिला युवा मोर्चा सचिव राजेश टोप्पो , किसान मोर्चा अध्यक्ष सुनील सुरीन,बुद्धिजीवी मोर्चा अध्यक्ष इरशाद आलम, व्यवसाय मोर्चा अध्यक्ष साबिर अंसारी, नगर उपाध्यक्ष मो सिकंदर,नागर कोषाध्यक्ष विकास कांडुलना,मो जावेद वार्षि,साकिब आलम, रुस्तम खान, नौशाद आलम, अकीब जावेद, मो साबिर, अहमद रजा, लारेंस बागे, अमजद ओहदार और अनिल लुगुन आलोक बारला और काफी संख्या में झामुमो नेता उपस्थित रहें ।

## डेढ़ साल बाद सरखुटोली गांव से दूर हुआ अंधकार



**सिमडेगा :** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता मार्गेट बा पिंकी के अथक प्रयास से पाकरटांड प्रखंड के कैरबेड़ा पंचायत अंतर्गत सरखुटोली गाँव मे नया ट्रान्सफार्मर लग गया। डेढ़ साल से ट्रान्सफार्मर खराब होने के कारण अंधेरा में गांव था। नया ट्रान्सफार्मर का उदघाटन मार्गेट बा पिंकी सहित ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से किया। ग्रामीणों में नया ट्रांसफार्मर लग जाने से उत्साह देखा गया। साथ हीं गाँव वालों ने मार्गेट बा पिंकी का आभार व्यक्त किया। कहा कि आज से पहले इतनी जल्दी गाँव की समस्या का समाधान होते नहीं देखा। आज आपके सहयोग से हम सभी के लिए गर्व की बात है कि हमारे गाँव मे पुनः बिजली आ गई। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश प्रवक्ता ने बिजली विभाग की सराहना की, कहा कि गांव की बिजली समस्या को दूर करने में कार्यपालक अभियंता ने ग्रामीणों का सहयोग किया। आगे कहा कि गांव की समस्या को दूर करने के लिए हमेशा मैं प्रयासरत रहूंगी। राज्य में भाजपा की सरकार बनते हीं, सुदूरवर्ती गांव तक बिजली समस्या से निजात दिलाने का कार्य किया जाएगा। सरखुटोली गांव में लंबे समय के बाद यहां के ग्रामीणों को अंधेरे से अब मुक्ति मिल गई है।

## पीएम मोदी के दौरे को लेकर टाटानगर स्टेशन की सुरक्षा आज से एसपीजी के हवाले



**जमशेदपुर:** पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर टाटानगर रेलवे स्टेशन के एरिया को आज एसपीजी के हवाले किया जायेगा। बुधवार को एसपीजी के अधिकारियों का दल टाटानगर पहुंचेगा। इसकी पुष्टि जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने की है। इसके बाद सुरक्षा व्यवस्था में नये सिरे से बदलाव किया जायेगा। जीएम अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि एनएसजी के लोगों के आने के बाद सुरक्षा व्यवस्था में कई बदलाव किया जायेगा। इस दौरान लोगों को भी दिक्कत नहीं हो और प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखी जाये, इसका पूरा ख्याल रखा जायेगा। 15 सितंबर तक टाटानगर रेलवे स्टेशन को अभेद्द किला के रूप में बना दिया जायेगा। बमार्माइंस के सेकेंड इंट्री से लेकर टाटानगर रेलवे स्टेशन के मुख्य गेट तक की घेराबंदी की जा रही है। हर आने-जाने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है।

**पार्सल सेवा 15 सितंबर तक बंद :** पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे को देखते हुए पार्सल सेवा को अभी बंद कर दिया गया है। 15 सितंबर को जिस दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी टाटानगर रेलवे स्टेशन पर रहेंगे, उस दिन सेकेंड इंट्री से लोगों को आने-जाने दिया जायेगा। मेन गेट को बंद रखा जायेगा। आरएमएस के पास यानी जीआरपी थाना के पास बनी सीढ़ियों के सहारे लोग प्लेटफॉर्म नंबर दो से लेकर पांच तक जा सकेंगे। जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहेंगे, तब किसी को एंट्री एक नंबर प्लेटफॉर्म पर नहीं मिलेगी। यहीं नहीं, मेन गेट से किसी की एंट्री नहीं होगी।

**नई पार्किंग 13 सितंबर से होगी शुरू :** जब पीएम नरेंद्र मोदी चले जायेंगे, उसके बाद लोग उससे एंट्री कर सकेंगे। गाड़ियों की पार्किंग टाटानगर स्टेशन के सामने वाले हिस्सा में कराया जायेगा। वहां पर पार्किंग 13 सितंबर से ही शुरू कर दी जायेगी और स्टेशन एरिया को पूरी तरह खाली करा दिया जायेगा ताकि सुरक्षा में किसी तरह की चूक नहीं हो।

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक



**कोलेबिरा :** कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम कोलेबिरा प्रखण्ड के नवाटोली पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि हमारी-आपकी की गठबंधन सरकार आम जनता को देखते हुए यह कार्यक्रम बनाया कि हमारे प्रदेश के लोग सुदूर जंगलों पहाड़ों में निवास करते हैं,और हमारे लोग अपने कामों सरकारी योजनाओं से लाभान्वित होने के उद्देश्य से प्रखण्ड अंचल पहुंच नहीं पाते हैं। फलस्वरूप आमजनता योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। यही सब ध्यान में रखते हुए आपकी सरकार ने योजना बनाई और आपके द्वार पर सरकारी महकमा, उनके पदाधिकारियों को आपके द्वार पर लाकर खड़ा कर दिया। जिससे कि आप बिचौलियों से बचते हुए लाभ उठा पाएं।

आपको बताना चाहेंगे कि कांग्रेस महागठबंधन की सरकार ने एक से बढ़कर एक योजना आपके लिए जनहित में लाई है।जो पूर्ववर्ती सरकार नहीं ला सकी।आपकी सरकार ने अभी 200 यूनिट बिजली माफी योजना, मैय्या सम्मान योजना, सर्व जन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री गाड़ी ग्राम योजना,200 लाख तक के सी सी लोन माफी योजना,जिस बच्चे के माता पिता नहीं हैं उसके लिए योजना आदि लाकर सशक्त बनाने का प्रयास कर रही है।इसका लाभ उठाएं।आप लोगों के सहूलियत के लिए सभी विभाग का स्टाल लगा हुआ है फार्म भरकर लाभ उठाएं।

आप सभी बहन बेटियों को बताना चाहेंगे कि हमारे आपके विरोधी जो नहीं चाहते हैं कि हमारी बेटी बहनों को मैय्या सम्मान योजना का लाभ मिले, इसलिए भाजपा के लोग कोर्ट में याचिका दायर कर इस योजना को बंद करवाना चाह रहे हैं। इसलिए हमें सावधान रहने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में प्रखण्ड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग, मण्डल अध्यक्ष राकेश कोनगाड़ी,अमृत डुंगडुंग,बीनिता जोजो कोनगाड़ी आदि मौजूद थे।